दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र
D Edition
Reg.No.RJ26D00120077
भारत टाइम्स
www.bharattimenews.com
सत्यमेव परं श्रुतम्
Bharattimesnews01@gmail.com
वर्ष- 2 | अंक-133 | दिल्ली, मंगलवार 25 जून 2024 | पेज-8 | ई-पेपर नई दिल्ली से प्रसारित

स्बारिश की बूँदें

विचार

" किसी से किसी भी तरह की प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता नहीं है। आप स्वयं में जैसे हैं एकदम सही हैं, खुद को स्वीकारिये "
ओशो...

न्यूज. ब्रीफ

केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई टली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई 26 जून तक के लिए टाल दी। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट ने अभी फैसला नहीं सुनाया है, इसलिए उसके पहले कोई आदेश देना सही नहीं होगा। थोड़ा इंतजार करें। अरविंद केजरीवाल लोअर कोर्ट के जमानत दिए जाने के बावजूद जेल में हैं। क्योंकि ईडी ने दिल्ली हाईकोर्ट में उनकी जमानत का विरोध करते हुए रोक की मांग की थी। 21 जून को दिल्ली हाईकोर्ट की वेकेशनल बेंच ने ईडी की याचिका पर फैसला सुनाए जाने तक जमानत पर रोक लगा दी थी।

हज में 1,301 यात्रियों की मौत

मक्का। सऊदी अरब में हज यात्रा के दौरान 1,301 यात्रियों की मौत हुई। सऊदी ने रविवार को ये जानकारी दी है। मरने वाले हज यात्रियों में सबसे ज्यादा मिस्र के 660 लोग थे। इसके बाद इंडोनेशिया के 199 और भारत के 98 हैं। वहीं जॉर्डन से 75, ट्यूनीशिया से 49 पाकिस्तान से 35 और ईरान से 11 हज यात्रियों की मौत की खबर है। सऊदी अरब ने मरने वालों का आंकड़ा जारी करते हुए बताया कि इनमें ज्यादातर वो लोग थे जो अवैध तरीके से मक्का-मदीना पहुंचे थे। सऊदी ने मौत की वजह भीषण गर्मी को बताया है। सऊदी की तरफ से दिए गए बयान में कहा गया है कि मरने वाले ज्यादातर या तो बुजुर्ग थे, या किसी बीमारी से जूझ रहे थे। इस बार हज के लिए 18 लाख यात्री सऊदी पहुंचे।

महंगी होंगी हीरो की गाडियां

नई दिल्ली। अगले महीने की शुरूआत यानी 1 जुलाई से हीरो मोटोकॉर्प की गाडि?ां महंगी हो जाएंगी। कंपनी ने कुछ चुनिंदा वाहनों की एक्स-शोरूम कीमतों को 1,500 रुपए तक बढ़ाने का ऐलान किया है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी है। हीरो मोटोकॉर्प ने बताया कि कमोडिटी प्राइस में बढ़ोतरी के चलते यह फैसला लिया गया है। कंपनी का कहना है कि कीमतों में बढ़ोतरी सभी गाडि?ों पर लागू नहीं होंगी। यह सिलेक्टेड मॉडल की एक्स शोरूम कीमतों पर लागू होगी। इससे पहले कंपनी ने 3 जून 2023 में ने स्कूटर और बाइक के कुछ मॉडलों की एक्स-शोरूम कीमत करीब 1.5 प्रतिशत तक बढ़ाई थी।

रूस में आतंकी हमले, 15 की मौत

मास्को। रूस के दागिस्तान में आतंकियों ने दो चर्च, एक सिनेगॉग (यहूदी मंदिर) और एक पुलिस पोस्ट पर हमला कर दिया। इसमें एक पादरी, 8 पुलिसकर्मियों सहित कुल 15 की मौत हो गई। पुलिस के 25 जवान भी घायल हैं। वहीं, 4 आतंकी भी मारे गए हैं। आतंकियों ने पादरी का गला काट दिया था। पादरी 66 साल के थे। जिस यहूदी मंदिर और चर्च पर हमला हुआ वे दागिस्तान के डर्बेंट शहर में स्थित हैं, जो मुस्लिम बहुल इलाके उत्तरी काकेशस में यहूदी समुदाय का गढ़ है। जबकि जिस पुलिस स्टेशन पर हमला हुआ वो डर्बेंट से 125 किमी दूर दागिस्तान की राजधानी माखचकाला में है।

18वीं लोकसभा के पहले सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर ने पीएम मोदी सहित सांसदों को दिलाई शपथ, पीएम बोले

देश को जिम्मेदार विपक्ष की जरूरत

नई दिल्ली। 18 वीं लोकसभा के पहले सत्र के पहले दिन संसद में प्रोटेम स्पीकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित सभी नवर्निवाचित सांसदों को शपथ दिलाई। इससे पहले भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलाई। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू राष्ट्रपति भवन में मौजूद थे। उधर, राज्यसभा में भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को पीयूष गोयल की जगह नेता सदन बनाया गया है। संसद की शुरूआत से पहले अपने पारंपरिक भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत को एक जिम्मेदार विपक्ष की जरूरत है। क्योंकि लोग नारे नहीं, बल्कि सार्थकता चाहते हैं। उन्होंने कहा कि लोग संसद में चर्चा, कर्मठता चाहते हैं न कि व्यवधान चाहते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि लोग विपक्ष से अच्छे कदमों की उम्मीद करते हैं, लेकिन अब तक यह निराशाजनक रहा है और उम्मीद जताई कि यह अपनी भूमिका निभाएगा और लोकतंत्र की मयार्दा को बनाए रखेगा। इस दौरान उन्होंने ये भी याद दिलाया कि आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ 25 जून को है, पीएम इसे भारत के लोकतंत्र पर एक काला धब्बा कहा। पीएम मोदी पर राहुल-खरगे का हमला लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन पर कांग्रेस पर निशाना साधा। वहीं कांग्रेस की तरफ से पीएम मोदी पर पलटवार किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह जो आक्रमण संविधान पर कर रहे हैं, वो हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है। वहीं मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि, संविधान को बचाने के लिए हमने जो कोशिश की थी उसमें जनता हमारे साथ है। लेकिन मोदी जी ने संविधान को तोड? की कोशिश की। जबकि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि पीएम के पास बोलने के लिए कुछ भी नया नहीं था और हमेशा की तरह उन्होंने अपने संबोधन मुद्दों को भटकाने का प्रयास किया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह जो आक्रमण संविधान पर कर रहे हैं, वो हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है और वो हम नहीं होने देंगे इसलिए हमने शपथ लेते समय संविधान पकड़ा था...हिंदुस्तान के संविधान को कोई शक्ति नहीं छू सकती...। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, संविधान को बचाने के लिए हमने जो कोशिश की थी उसमें जनता हमारे साथ है। लेकिन मोदी जी ने संविधान को तोडने की कोशिश की। इसलिए आज हम यहां एकत्रित होकर उसका विरोध कर रहे हैं। यहां पर गांधी जी की प्रतिमा थी और हम यहीं पर विरोध कर रहे हैं... हर लोकतांत्रिक नियमों को तोड़ा जा रहा है इसलिए हम बता रहे हैं कि मोदी जी आज संविधान के तहत चलिए...।

आसान नहीं होगा स्पीकर का चुनाव

नवर्निवाचित सांसदों के शपथ के दौरान विपक्ष ने नीट का मुद्दा सदन में उठाकर जमकर हंगामा किया। आने वाले दो दिनों में सरकार और विपक्ष की लड़ाई लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर तेज हो जाएगी। एनडीए के लिए इस बार स्पीकर का पद हासिल करना इतना आसान नहीं होगा, क्योंकि भाजपा अपने सहयोगियों के भरोसे पर है। रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के सांसद एन.के. प्रेमचंद्रन ने स्पीकर पद को लेकर आईएनडीआईए गठबंधन की मंशा को साफ करते हुए कहा कि 26 जून को स्पीकर पद के लिए एनडीए के खिलाफ हम चुनाव लड़ेंगे। रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के सांसद एन.के. प्रेमचंद्रन ने कहा कि सदन की यह सहमति है कि सदन के सबसे वरिष्ठ सदस्य को प्रोटेम स्पीकर के रूप में चुना जाना चाहिए या मनोनीत किया जाना चाहिए, लेकिन यह देखना दुर्भाग्यपूर्ण है कि कोडिकुन्नील सुरेश के कांग्रेस से होने के कारण उन्हें प्रोटेम स्पीकर नहीं बनाया गया।

स्पीकर पद के लिए लड़ेंगे चुनाव

उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से हम अध्यक्ष पद के साथ-साथ उपाध्यक्ष पद के लिए भी चुनाव लड़ेंगे। अगर, सरकार की विपक्षी दलों के साथ चर्चा में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पर आम सहमति नहीं बनती है, तो हम निश्चित रूप से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आपातकाल पर पीएम मोदी की टिप्पणी पर रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के सांसद एनके प्रेमचंद्रन ने कहा कि बीजेपी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में संविधान और संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है। इन संस्थाओं की आजादी छीन ली गई है।

संविधान में बदलाव की नहीं देंगे अनुमति

उन्होंने कहा कि संविधान को बदलने की सरकार की मंशा थी, इसलिए संविधान की रक्षा और सुरक्षा के लिए विपक्ष ने प्रतीकात्मक रूप से संविधान को अपने पा रखा है। हमने कहा है कि हम संविधान में कभी भी बदलाव की अनुमति नहीं देंगे, जिससे भारत को एक धार्मिक राज्य बन जाए। भारत के धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र की रक्षा करेंगे। हम संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांतों और मूल्यों की रक्षा करेंगे।

सूरज रेवन्ना 1 जुलाई तक सीआईडी हिरासत में रहेंगे

बंगलूरू। यौन शोषण मामले में फंसे प्रज्वल रेवन्ना के भाई और जनता दल सेक्युलर (जेडी-एस) नेता सूरज रेवन्ना की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल बंगलूरू की एक अदालत ने सूरज को 1 जुलाई तक आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) की हिरासत में भेज दिया है। बता दें कि सूरज रेवन्ना पर जेडी-एस के पुरुष कार्यकर्ता के यौन शोषण का आरोप है। उन्हें 23 जून को गिरफ्तार किया गया था। सीआईडी ने अदालत से सूरज की रिमांड बढ़ाने का अनुरोध किया था। कुछ दिन पहले एक पार्टी कार्यकर्ता का कथित यौन शोषण करने के आरोप में सूरज रेवन्ना पर शनिवार को मामला दर्ज किया गया। इस मामले में सूरज के खिलाफ अप्राकृतिक अपराध सहित आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। इस मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर कहा था, शिकायत आई है, इसके आधार पर कानून के अनुसार जो भी कार्रवाई की जानी है, वह की जा रही है। इसके अलावा मुझे किसी राजनीतिक साजिश के बारे में पता नहीं है।

जेपी नड्डा को राज्यसभा में मिली बड़ी जिम्मेदारी, सदन का नेता बनाया

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को सोमवार को राज्यसभा में सदन का नेता चुना गया। इस महीने की शुरूआत में नड्डा ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का कार्यभार संभाला था। उन्हें रसायन और उर्वरक मंत्रालय का भी प्रभार दिया गया था। नड्डा सदन के नेता के तौर पर पीयूष गोयल की जगह लेंगे। केंद्रीय मंत्री के तौर पर शपथ लेने के बाद यह उम्मीद की जा रही थी कि जेपी नड्डा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे देंगे, जिसे उन्होंने 2020 में मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संभाला था।हालांकि, ऐसा लगता है कि नड्डा भाजपा प्रमुख के पद पर बने रहेंगे। पार्टी कानून के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तभी किया जाता है जब 50 प्रतिशत राज्यों में संगठनात्मक चुनाव पूरे हो जाएं, जो लगभग छह महीने तक चलने की संभावना है।

अयोध्या में पहली बारिश में खुली निर्माण कार्यों की पोल

टपकने लगा राम मंदिर, जहां रामलला, वहां पानी भरा

अयोध्या। अयोध्या का राम मंदिर पहली ही बारिश में टपकने लगा। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि गर्भगृह में, जहां रामलला विराजमान हैं, वहां भी पानी भर गया। अगर एक-दो दिन में इंतजाम नहीं हुए, तो दर्शन और पूजन की व्यवस्था बंद करनी पड़ेगी। उन्होंने बताया कि शनिवार-रविवार रात 2 से 5 बजे तक तेज बारिश हुई। इसके बाद मंदिर के गर्भगृह के सामने मंडप में 4 इंच तक पानी भर गया। मंदिर के अंदर लोगों को डर था कि कहीं बिजली का करंट न उतर आए। इसलिए सुबह 4 बजे होने वाली आरती टार्च की रोशनी में करनी पड़ी। सुबह 6 बजे की आरती भी ऐसे ही हुई। आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि गर्भगृह के अलावा भी जो छोटे मंदिर बने हैं, वहां भी पानी भर गया है। इस पर ध्यान देना चाहिए कि जो बना है, उसमें क्या कमी रह गई? एक तो राम मंदिर से बारिश का पानी निकलने की जगह नहीं है। ऊपर से पानी भी चूने लगा, इससे अव्यवस्था हुई। अयोध्या में शनिवार-रविवार की रात 67 एमएम बारिश हुई, जिससे पूरे शहर में जगह-जगह पानी भर गया। सडकें धंस गईं। 6 महीने पहले बने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन की करीब 20 मीटर लंबी बाउंड्री वॉल भी ढह गई।

पहली मंजिल के निर्माण के चलते अंदर आया पानी- जलनिकासी ठीक नहीं होने के चलते यह दिक्कत हो रही हैं। पुजारी के मुताबिक, इसको जितनी जल्दी ठीक करवा लिया जाए, उतना अच्छा है। पानी को रात 10 बजे तक सुखाया जा सका। ये पानी क्यों भरा? इसके जवाब में उन्होंने बताया- पहली मंजिल पर निर्माण जारी है।

अयोध्या धाम स्टेशन की बाउंड्री वॉल ढही

बारिश से अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन की करीब 20 मीटर लंबी बाउंड्री वॉल ढह गई। 30 दिसंबर, 2023 को पीएम मोदी ने इस रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया था। इसके अलावा कई जगह पर सीवर लाइन धंस गई, जिससे कई घरों और मंदिरों में सीवर का पानी घुस गया। इमामबाड़ा की रोड धंस गई, यहां सीवर चोक हो गया। बिरला धर्मशाला के सामने मंदिर में सीवर का गंदा पानी भर गया। कई अन्य क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई। लोगों ने कहा- पहली बारिश में ही नगर निगम और पीडब्ल्यूडी की पोल खुल गई।

होमगार्ड जवान समेत तीन की हत्या

जवान का तलवार से कत्ल किया; बेटे-भतीजे को बीच सडक पर गोलियां मारीं

दमोह। दमोह में होमगार्ड जवान, उसके बेटे और भतीजे की हत्या कर दी गई। मामला जिले के देहात थाना क्षेत्र के बांसा तारखेड़ा गांव का है। मृतक और तीन आरोपी एक ही परिवार के हैं। एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि होमगार्ड जवान रमेश विश्वकर्मा (50) का उसके ही परिवार के लोगों से विवाद चल रहा था। करीब एक महीने पहले भी उनके बीच विवाद हुआ था। आरोपियों ने सोमवार को रमेश पर तलवारों से हमला कर दिया। घटना के वक्त रमेश का बेटा उमेश (23) और भतीजा विक्की (24) दमोह से बाइक से लौट रहे थे। आरोपियों ने उनको बीच सडक पर गोली मार दी। दोनों की सडक पर ही मौत हो गई। रमेश के चाचा राजेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे मेरे बेटे सौरभ के मोबाइल पर आरोपी का फोन आया था। उसने सौरभ से कहा था कि आज रमेश और उनके परिवार के लोगों की हत्या करेगा। राजेंद्र ने बताया कि उमेश और विक्की कोचिंग पढने दमोह गए हुए थे। राजेंद्र ने सौरभ से कहा कि 100 नंबर पर पर पुलिस को सूचना दे दो, ताकि उमेश और विक्की को पुलिस वहीं रोक ले, लेकिन 100 नंबर पर कॉल रिसीव नहीं हुआ।

पहले सत्र | प्रधानमंत्री मोदी बोले

25 जून को लोकतंत्र पर काला धब्बा लगा था, अब कोई ऐसा नहीं कर सकेगा

नई दिल्ली। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने संसद भवन परिसर में कहा कि संसदीय लोकतंत्र में आज का दिन गौरव मय है, यह वैभव का दिन है। आजादी के बाद पहली बार हमारे अपने नए संसद में यह शपथ हो रहा है, अब तक ये प्रक्रिया पुराने संसद में होती थी। आज के इस महत्वपूर्ण दिन पर मैं सभी नव निर्वाचित सांसदों का स्वागत करता हूं सबका अभिनंदन करता हूं और सबको शुभकामनाएं देता हूं। प्रधानमंत्री ने आपातकाल को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कल 25 जून है। 25 जून को भारत के लोकतंत्र पर लगे उस कलंक के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भारत की नई पीढ़ी कभी नहीं भूलेगी कि भारत के संविधान को पूरी तरह से नकार दिया गया था, संविधान के हर हिस्से की धज्जियां उड़ा दी गई थीं, देश को जेलखाना बना दिया गया था, लोकतंत्र को पूरी तरह दबा दिया गया था। उन्होंने कहा कि अपने संविधान, भारत के लोकतंत्र और लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते हुए देशवासी संकल्प लेंगे कि भारत में दोबारा कोई ऐसा करने की हिम्मत न कर सके, जो 50 साल पहले किया गया था। हम एक जीवंत लोकतंत्र का संकल्प लेंगे। हम भारत के संविधान के निदेर्शों के अनुसार सामान्य मानवी के सपनों को पूरा करने का संकल्प लेंगे।

देश चलाने के लिए सर्वसम्मति सबसे महत्वपूर्ण

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने हमेशा एक परंपरा का पालन करने का प्रयास किया है। हमारा मानना है कि सरकार चलाने के लिए बहुमत की आवश्यकता होती है, लेकिन देश चलाने के लिए सर्वसम्मति सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए हमारा निरंतर प्रयास रहेगा कि हम मां भारती की सेवा करें और 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं और महत्वाकांक्षाओं को सबकी सहमति से और सबको साथ लेकर पूरा करें। हम संविधान की पवित्रता को बनाए रखते हुए, सबको साथ लेकर आगे बढ?ा चाहते हैं और फैसले लेने में तेजी लाना चाहते हैं।

कौशल ही सफलता की कुंजी – डॉ. श्याम सिंह मण्डलिया

पुरस्कार वितरण के साथ कौशल विकास शिविर सम्पन्न

♦भारत टाइम्स♦

चित्तौड़गढ़। कौशल ही सफलता की कुन्जी है, बिना कौशल आप किसी भी लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते । आप किसी भी फील्ड में कहीं भी काम करें लेकिन सबसे पहले आपका कौशल काम आता है, बाद में अनुभव काम आता है। इसीलिए आज के इस भागदौड़ वाले जीवन एवं प्रतियोगिता के युग में कौशल को ज्यादा महत्व दिया जाता है। ये बात कौशल विकास शिविर के समापन समारोह के अवसर पर कार्यकम के मुख्य अतिथि डॉ श्याम सिंह मण्डलिया, पूर्व संयुक्त निदेशक, शिक्षा विभाग ने अपने उद्बोधन में कही । समापन समारोह की अध्यक्षता लीडर ट्रेनर इन्द्र लाल आमेटा ने की एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में स्थानीय संघ चित्तौड़गढ़ सचिव पंकज दशोरा, पूर्व सचिव राजकुमार सुखवाल, जिला हैड क्वार्टर कमिश्नर (कार्यक्रम-क्रियान्वयन)

अखिलेश श्रीवास्तव एवं जिला हैड क्वार्टर कमिश्नर (प्रचार-प्रसार) अमित कुमार चेचानी उपस्थित रहे। चन्द्र शंकर श्रीवास्तव सर्कल ऑर्गेनाईजर स्काउट ने बताया कि जिला मुख्यालय चित्तौड़गढ़ के तत्वाधान में दिनांक 17 मई से 25 जून 2024 तक महात्मा गॉधी राजकीय विद्यालय स्टेशन चित्तौड़गढ़ एवं श्री कालिका ज्ञान केन्द्र मा.वि. प्रतापनगर चित्तौड़गढ़ पर संचालित जिला स्तरीय अभिरूचि एवं कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह शनिवार 22 जून को विद्यालय परिसर के हॉल में किया गया। इससे पूर्व 21 जून 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शिविर के संभागियों ने स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर एवं स्काउटर गाइड के साथ जिला स्तरीय कार्यकम में सहभागिता कर योग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। अतिथियों का स्कार्प पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। अध्यक्षता कर रहे इन्द्र लाल आमेटा ने कहा कि ग्रीष्मावकाश में छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को निखारने, उनमें श्रम के प्रति निष्ठा एवं स्वावलम्बन, आत्मविश्वास, सुनागरिकता आदि गुणों के विकास की दृष्टि से ग्रीष्मकालीन अभिरूचि.एवं कौशल विकास केन्द्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। उन्होंने संभागियों के द्वारा तैयार की गई प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुये कहा कि कौशल विकास शिविर के माध्यम से बालक-बालिकाओं के समय का सदुपयोग कर उनके कौशल के साथ-साथ व्यक्तित्व का विकास होता है। उन्होंने समस्त शिविरार्थियों व प्रशिक्षकों को शिविर के सफल संचालन हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें प्रदान की। शिविर संचालिका शीला दशोरा ने बताया कि समरोह का आगाज प्रर्दशनी उद्घाटन के साथ किया गया। प्रर्दशनी में संभागियों द्वारा सिलाई, मेंहदी, ड्राइंग, कम्प्यूटर में निर्मित सामग्री व पोस्टर का प्रदर्शन किया गया। अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। संभागियों द्वारा स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसकी मंच से भूरी-भूरी प्रशंषा की गई। कार्यक्रम के अन्तर्गत नन्हीं नन्हीं बालिकाओं ने राजस्थानी गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विशिष्ठ अतिथि पंकज दशोरा सचिव स्थानीय संघ चित्तौड़गढ़ ने अपने उद्बोधन में स्काउट गाइड गतिविधिययों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुये कहा कि संगठन का उद्देश्य देश के लिये सुनागरिक तैयार करना है। ऐसे शिविरों के माध्यम से बालक-बालिकाओं के कौशल व व्यक्तित्व का विकास होता है। विशिष्ठ अतिथि अमित कुमार चेचाणी ने संभागियों को व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ कैरियर गाइडेंस बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कार्यक्रम के अन्तर्गत मुसाफिर हूँ यारो गीत गाकर सभी को तालीयां बजाने पर मजबूर कर दिया। ये रहे विजेता, हुए सम्मानित मच संचालन कर रहे हेमन्त कुमार पुरोहित ने बाताया कि शिविर के अन्तर्गत 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस एवं 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें क्रमशः प्रथम स्थान पर हिमांशी पालीवाल व अनुराधा रेंगर, द्वितीय स्थान पर सोनाक्षी चेचाणी व वंशिका तरवानी एवं आरव पहाड़िया व रेखा पहाड़िया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार समापन समारोह के अवसर पर मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सीनियर व जूनियर वर्ग में क्रमशः रेखा पहाड़िया व हिमांशी पालीवाल, द्वितीय स्थान पर शिवानी व कोमल एवं तृतीय स्थान पर सोनाक्षी चेचाणी व लेखनी रहे। सभी संभागियों को अतिथियों द्वारा प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में प्रशिक्षक के रूप में प्रधानाचार्य युगल किशोर शर्मा, दया शंकर भट्ट, स्काउटर हेमन्त पुरोहित, गाइडर शीला दशोरा, रेखा कुमावत, शोभना शर्मा, आशा अटवाल, पुखराज पुरी गोस्वामी, गोवर्धन लाल आचार्य, मधुबाला आगाल, ट्विंकल वैष्णव, टीया वैष्णव, नवदीप दशोरा, कल्पना वैष्णव, रेखा लौहार आदि प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक दल एवं रेंजर लीडर स्वाती श्रीवास्तव, रोवर पवन माली, राहुल मेघवाल, रिंकू खटीक, निशान्त पालीवाल, रेंजर दीपिका बंजारा, स्काउट राहुल छीपा, दिव्यांश कुशवाह, नितांश खत्री, गाइड विदुशी दशोरा, काव्या शर्मा को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

आर्ट(कला) से रखे तनाव मुक्त जीवन

♦भारत टाइम्स♦

उदयपुर। तनाव या स्ट्रेस ही जीवन में हर प्रकार के दोषों अर्थात बीमारियों का कारण हैं और इससे मुक्ति के लिए हम विभिन्न उपाय करते हैं ताकि स्वस्थ बने रहें एवं जीवन तनाव रहित बने। कला (आर्ट) एक माध्यम हैं जो रंग और कूची के माध्यम से हमारी भावनाओं को कागज पर उतार अभिव्यक्ति के साथ साथ तनावरहित होने में कारगर हैं। इसी श्रृंखला में पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हास्पिटल के नर्सिंगकर्मियों के लिए पीडिलाईट इंडस्ट्रीज के संयुक्त तत्वाधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कार्यशाला समन्वयक डॉ.राहिला घोड्च ने 32 से अधिक प्रतिभागियों को के ऐब्सट्रेक्ट आर्ट की बारीकियों को फेविक्रिल के पेस्टल कलर्स का

उपयोग करते हुए समझाया। कार्यशाला का उद्घाटन पीएमसीएच के चेयरमेन राहुल अग्रवाल ने किया और सभी का हौसला बढ़ाया, पीडिलाईट के इंडस्ट्रीज लि. के राजस्थान राज्य के एएमडीआई गोपाल माथुर ने सभी को अपनी शुभकामनाएं प्रषित की। कार्यक्रम में एच. आर. प्रबंधक नवनीत सिंह गौर ने सबका स्वागत करते हुए कहा कि कार्यालय में तनाव मुक्त जीवन के लिए ऐसी कार्यशालाएं नितांत आवश्यक हैं जो दैनिक कार्य के हमें हमारी कल्पना शक्ति को अभिव्यक्त करने और रंगों के माध्यम से उसे प्रदर्शित करने का माध्यम बनती हैं और तनाव के बेहतर प्रबंधन एवं निस्तारण में सहायक होती हैं। प्रतिभागियों ने बढ़-पढ़ कर इस कार्यशाला में भाग लिया और कहा कि ऐसी कार्यशालाएं और आगे भी आयोजित की जाए तो हमें हमारा काम करने और तनाव रहित जीवन जीने में आनंद और प्रोत्साहन मिलेगा। अंत में कार्यशाला समन्वयक डॉ.राहिला घोड्च ने पीएमसीएच के प्रबंधन और एचआर विभाग के तरुण, प्रवीण, महेन्द्र, कुंदन,हेमंत आदि कार्मिकों का धन्यवाद दिया।

D5 मोटरसाइकिल रैली अलवर कारगिल विजय दिवस रजत जयंती महोत्सव में स्वागत की

♦भारत टाइम्स♦

अलवर / राजेश गुप्ता। डी 5 मोटरसाइकिल रैली की प्रतीक्षा के लिए आज इताराना पैलेस में इन टाइम एंड ऑन टारगेट गनर्स द्वारा कार्गिल विजय दिवस रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर झंडा फहराने का समारोह आयोजित किया गया। डी 5 मोटरसाइकिल एक्सपेडिशन भारतीय सेना द्वारा कार्गिल विजय दिवस के 25 वर्षों को याद करने के लिए की जा रही है, जिसमें राइडिंग टीमें भारत के तीन कोनों से - दिंजान (पूर्व), धनुषकोड़ी (दक्षिण) और द्वारिका (पश्चिम) से दिल्ली और अंत में द्रास (कारगिल) जा रही हैं। ब्रिगेडियर सुखबीर सिंह एसएम*, कमांडर लौंगेवाला ब्रिगेड और ब्रिगेडियर मिलिंद व्यास, कमांडर गांडीव गनर्स ने दिनुष्कोड़ी (दक्षिण) से शुरू होने वाली डी 5 राइडर्स का गर्म स्वागत किया और कारगिल

युद्ध (ऑपरेशन विजय) के वीरों और उनके अगले पीढ़ी के सदस्यों को उनकी देश के लिए अद्वितीय सेवा और बलिदान के लिए सम्मानित किया। इस आयोजन में अलवर जिले और पास के क्षेत्रों से NCC कैडेट्स ऑफ 3 राज आर्मर्ड स्क्वाड्रन, वीर और उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कारगिल युद्ध के वीर अपनी खुशी और आभार भारतीय सेना के प्रति व्यक्त करते रहे।

सत्र आरंभ के साथ पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सेंदड़ा द्वारा रखी गई नोडल स्तरीय बैठक

बैठक में नामांकन वृद्धि , वृक्षारोपण , आंगनबाड़ी में नामांकन बढ़ाने पर दिया जोर

♦भारत टाइम्स♦

बर- ब्यावर कैलाश गुर्जर। नव शैक्षणिक सत्र 2024 - 25 के प्रथम दिवस पर ग्राम पंचायत सेंदड़ा के पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी भीकमचंद परिहार के द्वारा अपने नोडल अधीनस्थ प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के समस्त संस्थाप्रधान एवं बीएलओ की बैठक बुलाई गई जिसमें राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप समस्त योजनाओं पर विचार विमर्श कर उनकी शत प्रतिशत क्रियान्विती पर जोर दिया गया। बैठक में नामांकन वृद्धि एवं हाउस होल्ड सर्वे के साथ-साथ पालनहार योजना के पात्र विद्यार्थियों,साक्षरता अभियान सर्वे (NILP)के तहत निरक्षर व्यक्तियों का सर्वे, विद्यालय में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10 एवं 12 में श्रेष्ठ अंक लाने वाले प्रतिभावान छात्रों की फोटो मय बैनर लगाने एवं नामांकन वृद्धि को बढ़ावा देने हेतु मुख्य द्वार पर आकर्षक द्वार बनाने,आंगनबाड़ी केंद्रों से संबंधित गर्भवती,धात्री एवं आंगनबाड़ी में नामांकन बढ़ाने, ड्रॉपआउट बालक बालिकाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने एवं राज्य सरकार के द्वारा सघन वृक्षारोपण अभियान के तहत दिए गए लक्ष्य उच्च माध्यमिक विद्यालय में 400 पौधे, उच्च प्राथमिक विद्यालय में 200 पौधे, एवं प्राथमिक विद्यालय स्तर पर 80 पौधे लगाने का आह्वान कर उससे और अधिक पौधे शिक्षक, छात्रों एवं आमजन का सहयोग लेकर विद्यालय अथवा ग्राम के सार्वजनिक स्थलों पर लगाने एवं उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। इसके अलावा वर्षा ऋतु के समय में विद्यालय के जर्जर कक्षा कक्षों मैं विद्यार्थियों को नहीं बिठाने, विद्यालय के छतों की साफ सफाई, मिड डे मील के तहत ग्रीष्म अवकाश से पुनः लौटने के पश्चात दूध पाउडर एवं अनाज की देखरेख,प्रार्थना को रोचक एवं असरदार बनाने के लिए सूर्य नमस्कार, प्रेरक प्रसंग, समाचार पत्र वाचन इत्यादि के आयोजन तथा प्रतिवर्ष मिलने वाले स्कूली व्यय बजट का विद्यालय एवं विद्यार्थी हित में ज्यादा से ज्यादा सदुपयोग सुनिश्चित करने, विद्यालय के कक्षा कक्ष में नाकारा एवं अनुपयोगी समान की नीलामी के संबंध में तथा विद्यालय खुलने के साथ ही हर एक बालक को निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने एक नवाचार की पहल भी की जिसके तहत हर महीने की पहली तारीख एवं अंतिम तारीख की नोडल स्तरीय बैठक नोडल के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक उच्च प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में बारी-बारी से की जाएगी ताकि समस्त नोडल के संस्था प्रधानों को प्रत्येक विद्यालय को जांचने, परखने एवं देखने का शुभ अवसर प्राप्त हो सकेगा साथ ही मीटिंग आयोजित करवाने वाले विद्यालय के संस्था प्रधान को अपने विद्यालय में आने वाले समस्त संस्था प्रधानों को अपने विद्यालय से संबंधित शैक्षिक एवं सह शैक्षिक गतिविधियों को प्रस्तुत करने का शुभ अवसर प्राप्त हो सकेगा ।इस प्रकार हर बार अलग-अलग विद्यालय में होने वाली बैठक से विद्यालयों का रूप एवं स्वरूप भी सुधरेगा तथा वहां चलने वाली समस्त गतिविधियों में से श्रेष्ठ गतिविधियों को दूसरों को भी देखने का सुअवसर प्राप्त हो सकेगा। इस बैठक में प्रधानाचार्य सेंदड़ा के अलावा राउमावि रामगढ़ सेडोतान के प्रधानाचार्य श्री डूंगर सिंह ,स्थानीय विद्यालय के उप्राचार्य श्री चेतन चौधरी व पारसमल प्रजापत नोडल अधीनस्थ विद्यालय के समस्त संस्थाप्रधान,नामांकन अभियान प्रभारी श्रीमती रीना मीणा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी श्री महेंद्र कुमार सालवी, छात्रवृत्ति प्रभारी श्री मोहम्मद यूनुस ,बोर्ड परीक्षा प्रभारी श्री सुनील कुमार पलिया एवं विद्यालय के समस्त कार्मिक मौजूद रहे। अंत में प्रधानाचार्य रामगढ़ सेडोतान के श्री डूंगर सिंह के द्वारा सभी का आभार एवं राज्य सरकार की समस्त योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा क्रियान्वित करने का आह्वान किया गया।

मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन

♦भारत टाइम्स♦

अजमेर। दिनांक 24.06.2024 को मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अजमेर की तिमाही बैठक का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक श्री राजीव धनखड़ की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति इकाई) श्री अनूप कुमार शर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री बलदेव राम, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक श्री अरुण कुमार सहित

अजमेर मंडल के शोखाधिकारी तथा स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति के प्रमुख/प्रतिनिधि उपस्थित हुए। बैठक में 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही (01.01.2024 से 31.03.2024 तक) अवधि के दौरान मंडल पर हुई राजभाषा प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसंबंधित को राजभाषा के प्रयोग-प्रसार हेतु कार्यालयीन कार्य में हिंदी का प्रयोग करने एवं दैनिक कामकाज में राजभाषा संबंधी विभिन्न टूल्स का अधिकाधिक प्रयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अजमेर मंडल से प्रकाशित होने वाली ई-बुलेटिन 'समाचारिका' के 28वें अंक का विमोचन मंडल रेल प्रबंधक श्री राजीव राजीव धनखड़ के कर कमलों द्वारा किया गया।

रक्तदान शिविर में 181 यूनिट रक्त हुआ एकत्र

जरूरत मरीजों को मिलेगा लाभ

♦भारत टाइम्स♦

उदयपुर। फतेह स्कूल के सामने स्थित निरंजनी अखाड़ा श्री हनुमान मंदिर में परम पूज्य ब्रह्मलीन महंत श्री श्री 108 श्री सुरेश गिरी जी महाराज की तृतीय पुण्यतिथि स्मरण के अवसर पर श्री बालाजी सेवा समिति एवं पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस षिविर रक्तदाताओं ने 181 यूनिट रक्तदान किया। शिविर के मुख्य अतिथि

विश्व हिंदू परिषद महानगर मंत्री अशोक प्रजापत,अध्यक्षता बजरंग दल जिला संयोजक उदयपुर महानगर ललित लोहार एवं विशिष्ट अतिथि श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना महिला विंग जिला अध्यक्ष कृष्णा राठौर थी। शिविर का शुभारंभ वर्तमान महंत श्री अमर गिरी जी महाराज जी ने रक्तदान कर किया। शिविर संयोजक राजेश तिवारी ने बताया कि इस अवसर पर रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन के लिए रक्तदाता युवा वाहिनी के रोहित जोशी,कपिल दया, रोवर लीटर सुरेश प्रजापत,राज्य सरकार द्वारा रक्तदान सेवा में सम्मानित सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन संस्थापक गोपाल विजयवर्गीय,बालाजी सेवा समिति के महेंद्र नैनावा, शंकर सनाढ्य,रामकुमार प्रजापत,सुनील पूर्बिया, भूपेंद्र भाटी, सुनील कटारा, राजश्री वर्मा,आरसीए के पीयूष चैधरी एवं उनकी टीम आदि का सहयोग रहा। शिविर में पीएमसीएच ब्लड बैंक टीम के डॉ.मुकेश मलिक, अनिल सहदेव जुल्फिकार अली, प्रियंवदा सिंह,लवीना अग्रवाल एवं राजेंद्र सिंह में अपनी सेवाएं दी।

बरसी महोत्सव का दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम 28 से

बोरुंदा सोहनलाल वैष्णव। घोड़ावट स्थित श्री राम द्वारा रामधाम राम टेकरी घोड़ावट में झरनाराम जी महाराज कि बरसी महोत्सव को लेकर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम 28 जून से शुरू होगा। ।मधाम के संत खमियाराम महाराज व सेवाराम महाराज रामस्नेही ने बताया कि झरनाराम जी महाराज की स्मृति में दो दिवसीय धार्मिक बरसी महोत्सव को लेकर 28 जून शुक्रवार को रात्रि भजन संध्या व धर्मसभा तथा 29 जून शनिवार को पूजा अर्चना महा आरती के बाद प्रसादी का आयोजन होगा। इसको लेकर विभिन्न आवश्यक तैयारियां शुरू की गई।

आवश्यकता
भारत टाइम्स न्यूज को रिपोर्ट्स ओर अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। यदि आप हमसे जुड़ना चाहते है तो अपना बॉयोडाटा हमे ईमेल करे।
Bharattimesnews01@gmail.com
Whatsapp
9509745147
9799911545

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पहुंचे राजसमंद के आगरिया

कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ की माताजी के निधन पर अर्पित किए श्रद्धासुमन



♦भारत टाइम्स♦

राजसमंद विद्याधर वैष्णव। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को राजसमंद जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने आगरिया (आमेट) में कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ के निवास पर पहुंच कर उनकी माता के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर विधायक राठौड़ से चर्चा भी की गई।इस दौरान राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, समाजसेवी मान सिंह बारहठ, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक, राजसमंद प्रधान अरविंद सिंह, संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट, कलक्टर डॉ भंवर लाल, एसपी मनीष त्रिपाठी, समाजसेवी महेंद्र सिंह आगरिया, पूर्व चेयरमैन अशोक रांका, बड़ी संख्या में स्थानीयजन आदि मौजूद रहे।

मनरेगा कार्य में अधिकारियों की लापरवाही के चलते सरकार को लग गया लाखो रू का चूना

♦भारत टाइम्स♦

मुकेश शर्मा/ गोविन्द गढ़ /अलवर। गोविंदगढ़ कस्बे में पंचायत समिति क्षेत्र के ग्राम पचायत तालडा में मनरेगा में अनियमितता का मामला सामने आया है ग्राम पंचायत में नरेगा गर्मियों की ओर से जोहड की खुदाई का कार्य दिया गया था जिसमें आज तक नरेगा कर्मियों ने फावड़ा भी नहीं लगाया और मजदूर सड़क पर बैठे रहते हैं जिनकी हाजिरी भी ऑनलाइन हो रही है। मौके पर किसी भी अधिकारी ने इस कार्य को चेक नहीं किया जिसके चलते सरकार को लाखो रुपए का चूना लग गया अगर समय पर इस कार्य की जांच हो जाती तो सरकार को चूना नहीं लगता। 13 जून से शुरू हुई मस्टरोल मैं नरेगा कर्मियों की हाजिरी भी दर्शाई गई है। मनरेगा का उद्देश्य गरीब को नरेगा में कार्य प्रदान कर उन्हें आजीविका प्रदान करना होता है। लेकिन

ग्राम विकास अधिकारी, बाबू एवं अन्य अधिकारियों की ओर से समय-समय पर कार्यों की जांच नहीं की जाती जोहड की खुदाई के मामले में जिला परिषद सी ओ प्रतिभा वर्मा का कहना था कि जोहड़ खुदाई में अनियमितता की जानकारी मिली इसकी जांच करवा ली जाएगी सहायक अभियंता अनिल कुमार सेठी का कहना था की मनरेगा के तहत का जोहड में खुदाई का कार्य जारी है अगर मस्टरोल में नरेगा कर्मियों की ओर से कार्य में कमी है तो इसकी जांच करवा ली जएगी

पंचायत समिति गोविंदगढ़ के जे टी ओ वीरेंद्र कुमार का कहना था कि मेरा एक्सीडेंट हो गया था इस कारण मेरा फील्ड में नहीं जाना हो रहा है में सिर्फ पंचायत समिति में ही आ रहा हूं इसकी पूरी जानकारी। ले कर उच्च अधिकारीयो को दे दूंगा।

ग्राम पंचायत तालडा में मनरेगा के तहत जोहड़ में खुदाई का कार्य चल रहा है वहा 13 जून से नरेगा श्रमिक कार्य कर रहे हैं अगर वहां कार्य नही हो रहा है तो इसकी जांच करवा ली जाएगी

लोकेश कुमार, ग्राम विकास अधिकारी

बलिया (यूपी) के उभांव थाना क्षेत्र में 11 वर्षीय बालक का शव नहर में तैरता मिला

♦भारत टाइम्स♦

प्रदीप बच्चन बलिया(यूपी)। के बेल्थरारोड स्थित-उभांव थाना क्षेत्र के ग्राम-अठगावां के समीप नहर में शनिवार की सुबह,एक 11 वर्षीय बालक का शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संवाददाता-डॉ०सैयद सेराज अहमद ने जानकारी दिया है कि क्षेत्र के ग्राम-भदौरा तरछापार निवासी पवन राजभर (11) बीते शुक्रवार को अपराह्न घर से निकला था लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। सुबह ग्राम-अठगावां के निकट से गुजर रहे लोगों की नजर नहर में बालक के शव पर पड़ी। ग्रामीणों की सूचना पर तुरंत मौके पर पुलिस पहुंच गई।परिजनों के अनुसार वह पैंट शर्ट पहन कर घर से निकला था, लेकिन नहर में जब उसका शव मिला तो वह केवल अंडरवियर पहने हुए था। ग्रामीण अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। घर वालों को इस घटना की सूचना मिलते ही घर में कोहराम के साथ मातम छा गया। पूरा परिवार शोक में डूब गया। परिजनों ने पुलिस से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

केसरपुर तथा जयसमंद बांध की सरकारी जमीन पर अवैध रूप से प्लाटिंग कर रहे हैं भूमिया

♦भारत टाइम्स♦

राजगढ़ अलवर। केसरपुर तथा जयसमंद बांध की सरकारी जमीन पर अवैध रूप से भू-माफिया प्लाटिंग कर करोड़ों रुपए कमाने के फेर में लग रहे है।लेकिन जैसे ही मीडिया के माध्यम से इसको प्राथमिकता से उठाया गया तो इसे जिला कलक्टर आशीष गुप्ता ने गंभीरता से लिया और उन्होंने मत्स्य विभाग की केसरपुर में 42 बीघा जमीन तथा जयसमंद बांध के समीप अवैध रूप से प्लाटिंग हटाने के लिए टीम का गठन किया। जिसमें यूआईटी के अधिकारी,अलवर तहसीलदार,भू अभिलेख निरीक्षक, पटवारी को शामिल किया गया।तथा अतिरिक्त पुलिस जाप्ता मौके पर भेजा।जहां शनिवार को इस अतिक्रमण के कार्य पर जेसीबी से सभी निर्माण को ध्वस्त कर दिया। उपखंड अधिकारी अलवर प्रतीक चंद्रशेखर जूईकर ने बताया केसरपुर में मत्स्य विभाग की राजस्व रिकॉर्ड में करीब 42 बीघा जमीन दर्ज रिकार्ड है। वही जयसमंद बांध के बहाव क्षेत्र मे सरकारी जमीन है। जहां इस सरकारी जमीन पर भू माफियाओं ने अतिक्रमण कर प्लाटिंग कर दी जो गैर कानूनी थी। जहां आज इस सरकारी भूमि को भूमाफियाओं से अतिक्रमण मुक्त कराया गया।उन्होंने

बताया जिला कलक्टर आशीष गुप्ता के निर्देश में अलवर उपखंड क्षेत्र में जहां कहीं भी इस प्रकार की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया हुआ है।उसे मुक्त कराने का अभियान जारी रहेगा।

शहर कोट भूमि पर हो रहा है अतिक्रमण

नगरपालिका प्रशासन बन रहा है मुखदर्शक, नोटिस जारी कर निर्माण रुकवाने पर भी हो रहा निर्माण

देवगढ़ नगर पालिका क्षेत्र मे हाल ही मे एक ताजा मामला सामने आया है जिसके अंतर्गत देवगढ नगर में सेठो के नारदे के पास शहर कोट स्थित है जिस पर एक व्यक्ति अपने भूखण्ड पर निर्माण कार्य करवा रहा है जिसमे वह शहर कोट के अनुसार नियमानुसार जगह नही छोड़ते हुए निर्माण कार्य कर रहा है

♦भारत टाइम्स♦

देवगढ़ विद्याधर वैष्णव। देवगढ़ नगरपालिका क्षेत्र मे कई सार्वजनिक स्थानों पर नगर पालिका की बेशकीमती जमीनों पर भूमाफिया एवं अतिक्रमियों द्वारा अतिक्रमण धड़ल्ले के साथ किया जा रहा हैं इस पर नगर पालिका प्रशासन मूख दर्शक बनकर देख रहा है तथा देखकर भी अनदेखा किया जा रहा है। देवगढ़ नगर पालिका क्षेत्र मे हाल ही मे एक ताजा मामला सामने आया है जिसके अंतर्गत देवगढ नगर में सेठो के नारदे के पास शहर कोट स्थित है जिस पर एक व्यक्ति अपने भूखण्ड पर निर्माण कार्य करवा रहा है जिसमे वह शहर कोट के अनुसार नियमानुसार जगह नही छोड़ते हुए निर्माण कार्य कर रहा है। इस संदर्भ में पीछे के पडोसी गोपाल लाल शर्मा द्वारा 29 मई को नगर पालिका में प्रार्थना पत्र दिया गया था जिस पर 21 दिन निकल जाने पर भी कोई कार्यवाही नहीं होने पर एक बार पुनः 19 जून को दूसरा प्रार्थना पत्र दिया जिस पर भी नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी द्वारा केवल आश्वाशन देकर इति श्री कर दिया। शर्मा इसे पालिका कर्मचारियों की मिलीभगत का अंदेशा बताते हुए उक्त कार्य पालिका के कर्मचारीयों की साठ गाठ से होना बताया जा रहा है।शर्मा ने बताया कि उक्त मामले में उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत निर्माण कार्य करने की स्वीकृति पत्र, नक्शे की प्रतिलिपि की मांग की गई।जो भी पालिका द्वारा उन्हें भी उपलब्ध नही करवाया जा रहा है। किसी भी प्रकार से कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने पर शर्मा द्वारा उक्त शिकायत देवगढ़ उपखंड अधिकारी को की गई।जिस पर उपखण्ड अधिकारी द्वारा अधिशाषी अधिकारी को अतिक्रमी के खिलाफ कार्यवाही करने को कहा गया फिर भी कोई कार्यवाही नही हुई इससे वर्तमान हालात के तहत नगर पालिका ने इस सन्दर्भ में उक्त व्यक्ति को नोटिस निकाल कर निर्माण कार्य बंद करने को कहा गया है। नोटिस जारी होने के बावजूद भी उक्त भूमि पर निर्माण कार्य बंद नही किया गया। बल्कि आरसीसी के पिलर तैयार कर दिये गए। नगर पालिका की बेशकीमती भूमि शहर कोट जो कि एक धरोहर है उसे अतिक्रमियों द्वारा नष्ट किया जा रहा है जिसे देवगढ़ का पालिका प्रशासन मोन बनकर सब कुछ देख रहा है।ज्ञात रहे की क्षेत्र में अतिक्रमियों के हौसले इतने बुलंद है की उन्हें किसी भी तरह का कोई भय नहीं है।पूर्व में भी इसी तरह एक वर्ष पूर्व जून माह में साधुमार्गी जैन संघ के नाम अवैध निर्माण को रुकवाने के लिए नोटिस जारी किया गया था।जिसके ऊपर भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से वर्तमान में बिल्डिंग का निर्माण हो चूका है।

नोटिस जारी कर दिया गया है निर्माण कार्य को रुकवाया जायेगा

अधिशाषी अधिकारी विजेश मंत्री, नगर पालिका देवगढ़

भाजपा नेता राजा दीवान ने आज राज्यपाल से सौजन्य मुलाकात में विभिन्न विषय पर चर्चा हुई...

♦भारत टाइम्स♦

परस साहू गुण्डरदेही/रायपुर। *छत्तीसगढ़ के राज्यपाल से फरर के प्रचारक रहे रंजन पटेल ने छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राजभवन में सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान राजनीतिक मुद्दों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय सह प्रभारी रजनीश शुक्ला एवं भाजपा नेता राजा दीवान मौजूद रहे।*

बालक छात्रावास में मनाया नशामुक्ति जागरूकता शिविर : छात्रों ने ली नशा ना करने की शपथ

♦भारत टाइम्स♦

रहीम शेरानी झाबुआ। अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर सामाजिक न्याय विभाग एवं पुलिस विभाग के दिशा निर्देशों के अनुसार संपूर्ण जिले में नशा मुक्ति जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसके तहत आज बालक छात्रावास उत्कृष्ट स्कूल के छात्रों के मध्य नशा मुक्ति के दुष्परिणाम, बचाव एवं सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया । इस अवसर पर कोतवाली थाना प्रभारी श्रीमान सीताराम सोलंकी जी ने बताया कि आज के युग में नशाखोरी सबसे बड़ी समस्या है इस समस्या से निपटने के लिए सरकार के साथ समाज और व्यक्तियों सभी को सामूहिक लड़ाई लड़नी होगी। तभी इस समस्या का अंत होगा। साथ ही सर्व सेवा संकल्प समिति द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्र के संचालक डॉक्टर मनोज अग्रवाल द्वारा बताया गया कि नशा वास्तव में एक ऐसा धीमा जहर है, जो हमारे शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक रोगों को जन्म देता है और व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया पर पहुंचा देता है। अकेले हमारे देश में परिवर्ष लगभग 12 से 15 लाख लोगों की नशे की वजह से मौत हो रही है। कार्यक्रम में नशा मुक्ति से संबंधित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया जिसमें विजेता छात्रों को तत्काल पुरस्कृत भी किया गया । कार्यक्रम के पश्चात सभी उपस्थित जनों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई एवं संकल्प पत्र भरवा गए। इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

6 जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार

♦भारत टाइम्स♦

अजमेर। रेलवे प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु 06 जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसारः- गाडी संख्या 09007/09008, वलसाड-भिवानी-वलसाड साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में वलसाड से दिनांक 04.07.24 से 25.07.24 तक (04 ट्रिप) एवं भिवानी से दिनांक 05.07.24 से 26.07.24 तक (04 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है। 2. गाडी संख्या 09425/09426, साबरमती-हरिद्वार-साबरमती द्वि-साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में साबरमती से दिनांक 24.06.24 से 29.07.24 तक (11 ट्रिप) एवं हरिद्वार से दिनांक 25.06.24 से 30.07.24 (11 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है। 3. गाडी संख्या 09407/09408, भुज-दिल्ली सराय-भुज स्पेशल द्वि-साप्ताहिक रेल सेवा की संचालन अवधि में भुज से दिनांक 02.07.24 से 27.09.24 तक (26 ट्रिप) एवं दिल्ली सराय से दिनांक 03.07.24 से 28.09.24 (26 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है। 4. गाडी संख्या 09557/09558, भावनगर टर्मिनस-दिल्ली कैंट-भावनगर टर्मिनस स्पेशल साप्ताहिक रेल सेवा की संचालन अवधि में भावनगर टर्मिनस से दिनांक 05.07.24 से 27.09.24 तक (13 ट्रिप) एवं दिल्ली कैंट से दिनांक 06.07.24 से 28.09.24 (13 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है। 5. गाडी संख्या 09405/09406, साबरमती-पटना-साबरमती स्पेशल साप्ताहिक रेल सेवा की संचालन अवधि में साबरमती से दिनांक 02.07.24 से 24.09.24 तक (13 ट्रिप) एवं पटना से दिनांक 04.07.24 से 26.09.24 तक (13 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है। 6. गाडी संख्या 09523/09524, ओखा-दिल्ली सराय-ओखा स्पेशल साप्ताहिक रेल सेवा की संचालन अवधि में ओखा से दिनांक 02.07.24 से 31.12.24 तक (27 ट्रिप) एवं दिल्ली सराय से दिनांक 03.07.24 से 01.01.25 तक (27 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है। साथ ही साबरमती-हरिद्वार द्वि साप्ताहिक स्पेशल एवं भावगगर टर्मिनस-दिल्ली कैंट स्पेशल रेलसेवाओं के संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा हैः- 1. गाडी संख्या 09425, साबरमती-हरिद्वार स्पेशल रेलसेवा प्रत्येक शुक्रवार व सोमवार को साबरमती से 18.45 बजे रवाना होकर शनिवार व मंगलवार को 19.00 बजे हरिद्वार पहुँचेगी। 2. गाडी संख्या 09557, भावनगर टर्मिनस-दिल्ली कैंट स्पेशल रेलसेवा प्रत्येक शुक्रवार को भावनगर टर्मिनस से 15.15 बजे रवाना होकर शनिवार को 13.30 बजे दिल्ली कैंट पहुँचेगी।

स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आशा आयुष्मान कार्ड का शीघ्र वितरण करें – सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल

♦भारत टाइम्स♦

राजसमंद विद्याधर वैष्णव। प्रधानमंत्री जन आरोग्य आरोग्य योजना का लाभ लेने के लिये आयुष्मान कार्ड आवश्यक है इसलिये सभी पात्र परिवार के सदस्यो को शीघ्रता से स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आशा आयुष्मान कार्ड का वितरण करें। यह निर्देश सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने आगरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित सैक्टर बैठक को सम्बोधित करते हुए दिये। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत प्रति वर्ष प्रत्येक परिवार को 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है। इसमें कैंसर और हृद्य रोग जैसी गंभीर बीमारियों सहित 1300 से अधिक बीमारियां शामिल है जिनका उपचार सम्बद्ध निजी और सरकारी चिकित्सा संस्थानो में बिल्कुल कैशलेस किया जा रहा है। योजना का लाभ सामाजिक एवं आर्थिक जनगणना 2011 के पात्र परिवारो को दिया जा रहा है। योजना का लाभ राजस्थान के अलावा अन्य राज्यो में उपचार कराने पर भी दिया जा रहा है। इसलिये सभी तक जानकारी पहुंचाये। उन्होंने कहा की यह एक जनकल्याणकारी योजना है इसलिये बिना किसी कौताही और विलम्ब के आशा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता शत प्रतिशत कार्ड का वितरण करें जिससे कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित ना रहे। उन्होंने सैक्टर में मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की तथा दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सैक्टर बैठक में आगामी 30 जून को आयोजित पल्स पोलियो महाअभियान की जानकारी देते हुए, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सरीन कुमार, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ राम प्रताप सिंह,खंड कार्यक्रम अधिकारी एनएचएम सरिता जैन सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आशा उपस्थित थी।

नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह कार्यक्रम मे केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री भूपेन्द्र यादव ने की शिरकत

♦भारत टाइम्स♦

राजगढ अलवर। मंत्री से बन्नाराम मीना ने गांव की और से खेल स्टेडियम बनवाने की मांग की तो कैबिनेट मंत्री यादव ने पूरी मदद करने का भरोसा दिलाया। इस नाईट प्रतियोगिता मे केशरपुर विनर टीम ने*सात रन से जीत कर 1 लाख 21 हजार 1 सौ 11 रुपए व ट्राफी जीत कर लहराया परचम। अलवर जिले के रैणी-उपखंड क्षेत्र के परबैणी गांव मे परबैणी क्रिकेट क्लब के तत्वाधान मे 09 जून से चल रही 14 दिवसीय नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन शनिवार रात्रि को केन्द्रीय केबिनेट (वन एवं पर्यावरण) मंत्री भूपेन्द्र यादव के मुख्यातिथ्य मे किया गया गया। मंत्री निर्धारित समय से एक घण्टे देरी से लगभग दस बजे पहुँचे मंत्री यादव के आते ही समय का

अभाव के चलते बीच मे ही मैच को रूकवा कर भाजपा विधायक प्रत्याशी बन्नाराम मीना के नेतृत्व मे स्थानीय ग्रामीणो के द्वारा मुख्य अतिथि यादव का बड़ी माला एवं बडा साफा पहना कर जोरदार स्वागत-सत्कार किया गया तथा ग्रामीणो की और से बन्नाराम मीना ने क्रिकेट खिलाडि?ो के खेलने के लिए परबैणी मे मिनि स्टेडियम की मांग की जिस पर मंत्री ने स्टेडियम बनवाने के लिए पूरी मदद करने का भरोसा दिलवाया और मंत्री ने अपनी जीत के लिए सभी का आभार प्रगट किया। और पूरी छत्तीस बिरादरी को धन्यवाद देकर चले गये। तथा इस दौरान मंत्री ने बिना किसी भेदभाव के सर्वांगीण विकास कार्य कराने का भी भरोसा दिलाया तथा भर्तृहरि बाबा की जय बोलते हुए अपने धन्यवाद भाषण को समाप्त किया। परबैणी क्रिकेट क्लब के कप्तान जीनेन्द्र मीना ने बताया कि इस प्रतियोगिता मे कुल 64 टीमो ने भाग लिया जिसमे से फाईनल मुकाबले मे केशरपुर की टीम सात रन से जीत कर विनर रही। इस विनर टीम को भाजपा विधायक प्रत्याशी बन्नाराम मीना के हाथो से 1,21,111 रुपए तथा द्वितीय विनर बडी पोखर गाँव की टीम रही जिसको 51,111 रुपए व दोनो को एक एक बड़ी शील्ड़ देकर सम्मान व उत्साह वर्धन किया गया। इस दौरान अलवर दक्षिण के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय सिंह नरूका , एस.टी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोहनसिंह बागड़ी,पूर्व प्रधान देवकरण मीना,मदन,बादल सैन, राजेन्द्र सिंह,भजनलाल सैनी, रामसिंह दिनकर,धोल्याराम जाट, पूर्व सरपंच बाबूलाल मीना,नरेश, नेपाली,राजेश,नीतेश,शशिकान्त, सचिन,सतीश,संजय,नागराज शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक व हजारो संख्या मे दर्शक मौजूद थे।

लोकसभा के सत्र नई उम्मीदों को पंख लगाये....

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू चुका है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। तीन जुलाई तक दस दिन के लिये चलने वाले इस सत्र में दो दिन नए सांसदों को शपथ दिलाई जायेगी। बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा, जबकि गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। लोकसभा सत्र में विपक्ष इस बार अपनी बढ़ी हुई शक्ति का एहसास कराते हुए आक्रामक होने से नहीं चूकेगा। यही वजह है विपक्ष ने सत्र से पहले परीक्षा में गड़बड़ी, अग्निवीर व प्रोटेम स्पीकर जैसे मुद्दों को लेकर आक्रामक रुख दिखाने की रणनीति बनाई है। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में भी सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिशें होती हुई दिख रही है। वैसे भी वह पहले ही सत्ता पक्ष के गठबंधन के सहयोगियों को लोकसभा अध्यक्ष पद की मांग के लिए उकसाने में लगा हुआ है एवं वहीं स्वयं के लिये लोकसभा के उपाध्यक्ष पद की मांग कर रहा है। विपक्ष ने प्रोटेम अध्यक्ष की नियुक्ति के अलावा नीट-यूजी पेपर लीक व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के स्थगित होने के मामले में सरकार को घेरने एवं संसदीय कार्रवाई को बाधित करने की रणनीति बनाई है, जिससे पहले दिन ही हंगामे के परिदृश्य देखने को मिल रहे हैं।

बेहतर संख्या बल के चलते विपक्ष का उत्साहित होना स्वाभाविक है और उसके नेताओं की ओर से विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की तैयारी में भी कुछ अनुचित नहीं, लेकिन इस तैयारी के नाम पर संसद में हंगामा और शोरशराबा करके ऐसी परिस्थितियां नहीं पैदा की जानी चाहिए जिससे संसद चलने ही न पाए। एक लंबे समय से यह देखने में आ रहा है कि विभिन्न मुद्दों पर सरकार से जवाबदेही के नाम पर विपक्ष संसद में हंगामा और अव्यवस्था पैदा करना उचित समझता आ रहा है, उसके तेवर इस बार ज्यादा ही उग्र एवं उत्तेजिक दिख रहे हैं, जो संसदीय परम्परा के लिये दुर्भाग्यपूर्ण है। सांसद चाहे जिस दल के हो, उनसे शालीन एवं सभ्य व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। लेकिन सांसद अपने दूषित एवं दुर्जन व्यवहार से संसद को शर्मसार करते हैं तो यह लोकतंत्र के सर्वोच्च मन्दिर की गरिमा के प्रतिकूल है।

> बेहतर संख्या बल के चलते विपक्ष का उत्साहित होना स्वाभाविक है और उसके नेताओं की ओर से विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की तैयारी में भी कुछ अनुचित नहीं, लेकिन इस तैयारी के नाम पर संसद में हंगामा और शोरशराबा करके ऐसी परिस्थितियां नहीं पैदा की जानी चाहिए जिससे संसद चलने ही न पाए।

संसद राष्ट्र की सर्वोच्च संस्था है। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है। यदि वहां भी शालीनता, मयार्दा एवं सभ्यता का भंग होता है तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के गौरव का आहत होना निश्चित है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद भारत की संसद यदि सभ्य एवं शालीन दिखाई न दे तो ये स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण ही कही जायेगी। एक बार फिर ऐसी ही त्रासद स्थितियों से रू-ब-रू होने की स्थितियां

बनना एक चिन्तनीय प्रश्न है। संसद की सार्थकता केवल इसमें नहीं है कि वहां विभिन्न मुद्दे उठाए जाएं बल्कि इसमें है कि उन पर गंभीर एवं शालीन तरीके से चर्चा होकर राष्ट्रहित में प्रभावी निर्णय लिये जाये। दुर्भाग्य से संसद में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर ऐसी कोई चर्चा कठिनाई से ही होती है जिससे देश को कोई दिशा मिल सके और समस्याओं के समाधान खोजे जा सके। उचित यह होगा कि संसद में दोनों ही पक्ष संसदीय कार्यवाही के जरिये एक उदाहरण पेश करें, नयी संभावनाओं एवं सौहार्द का वातावरण बनाते हुए नई उम्मीदों एवं संकल्पों के सत्र के रूप में इस सत्र एवं आगे के सत्रों का संचालन होने दें।

अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र को लेकर उत्सुकता एवं कुतूहल का वातावरण पक्ष-विपक्ष के नवनिर्वाचित सांसदों में ही नहीं, बल्कि आम जनता में भी है। गठबंधन की स्थितियों के कारण यह लोकसभा पिछली लोकसभा से भिन्न होगी। इस बार विपक्ष का संख्या बल कहीं अधिक है और सत्तापक्ष गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहा है। यद्यपि यह गठबंधन सरकार अतीत की गठबंधन सरकारों से भिन्न है, क्योंकि उसका नेतृत्व करने वाला दल यानी भाजपा बहुमत से कुछ ही पीछे है। इसके बावजूद संसद में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव देखने को मिल सकता है। इस टकराव के आसार भी उभर आए हैं, क्योंकि विपक्ष को प्रोटेम स्पीकर के नाम पर आपत्ति है। विपक्षी इंडिया गठबंधन की मानसिकता संसदीय सत्रों में देश-विकास की योजनाओं पर निर्णय में सहभागिता से अधिक सत्ता पक्ष को घेरने एवं सरकार के कामकाज को बाधिक करने की ही अधिक दिखाई दे रही है। यह निश्चित है कि सार्वजनिक जीवन में सभी एक विचारधारा, एक शैली व एक स्वभाव के व्यक्ति नहीं होते। अतः आवश्यकता है दायित्व के प्रति ईमानदारी के साथ-साथ आपसी तालमेल व एक-दूसरे के प्रति गहरी समझ एवं सौहार्द भावना की। जनता के विश्वास पर खरे उतरते हुए नये भारत-सशक्त भारत को निर्मित करने की। राजनीतिक दल द्वंद्व, एक दूसरे की आलोचना एवं विरोध की स्थितियां चुनाव के मैदान तक सीमित करें, उन्हें संसद तक न लाये। संसद में तो सभी दल मिलकर राष्ट्र-निर्माण का काम करें। एक सांसद के साथ दूसरा सांसद जुड़े तो लगे मानो स्वेटर की डिजाईन में कोई रंग डाला हो। सेवा एवं जनप्रतिनिधित्व का क्षेत्र ह्वमोजॉयकह्व है, जहां हर रंग, हर दाना विविधता में एकता का प्रतिक्षण बोध करवाता है। अगर हम सांसदों में आदर्श स्थापित करने के लिए उसकी जुझारू चेतना को विकसित कर सकें तो निश्चय ही आदर्शविहिन असंतुष्टों की पंक्ति को छोटा कर सकेंगे और ऐसा करके ही संसद को गरिमापूर्ण मंच बना पायेंगे।नरेन्द्र मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटे हैं। मोदी का लोकसभा सदस्य एवं प्रधानमंत्री के रूप में यह तीसरा कार्यकाल है। उन्होंने वाराणसी सीट बरकरार रखी, जिसे वे 2014 से जीतते आ रहे हैं। पहली बार नए संसद भवन में शपथग्रहण हुआ। भारतीय संसदीय इतिहास में ऐसा दूसरी बार है कि जनता ने किसी सरकार को लगातार तीसरी बार शासन करने का अवसर दिया है। ये मौका 60 साल बाद आया है। अगर जनता ने ऐसा फैसला किया है तो उसने सरकार की नियत पर मुहर लगाई है। उसकी नीतियों पर मुहर लगाई है। जनता के फैसले का स्वागत होना चाहिए, लेकिन ऐसा न होना संसद के साथ-साथ भारत के लिये परेशानी का कारण है। आज भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने के साथ अपनी स्वतंत्र पहचान बनाने की ओर गतिशील है। भारत की बात दुनिया बड़ी ध्यान से सुनती है, वही दुश्मन देश भारत पर तिरछी नजर डालने से पहले सौ बार सोचते हैं, यह भारत की बड़ी ताकत का द्योतक है, जिसे पक्ष एवं विपक्ष मिलकर सहेजे और नये आयाम उद्घाटित करें। इन विषयों पर गंभीर चिन्तन-मंथन की संसद के पटल पर अपेक्षा है। जबकि निश्चित ही छोटी-छोटी बातों पर अभद्र एवं अशालीन शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि घटनाओं का संसद के पटल पर होना दुखद, त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण है। इससे संसद की गरिमा एवं मयार्दा को गहरा आघात लगता है। यह सिलसिला बंद होना चाहिए। जहां विपक्ष का यह दायित्व है कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं और अन्य ज्वलंत मुद्दों पर सरकार से जवाब तलब करे वहीं सत्तापक्ष की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए तैयार रहे। यदि ऐसा नहीं होता तो यह निराशाजनक ही होगा।

राष्ट्रीय चरित्र का दिन-प्रतिदिन नैतिक ह्रास हो रहा है। हर गलत-सही तरीके से हम सब कुछ पा लेना चाहते हैं। अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए कर्त्तव्य को गौण कर देते हैं। इस तरह से जन्मे हर स्तर के अशालीन एवं असभ्य व्यवहार से राष्ट्रीय जीवन में एक विकृति पैदा होती है, संसद को ही दूषित कर दिया जाता है, अठारहवीं लोकसभा के सभी सत्र इस त्रासदी से मुक्त हो, यह अपेक्षित है। विपक्षी सांसदों की यह कैसी त्रासद मानसिकता है कि वे सब चाहते हैं कि हम आलोचना करें पर काम नहीं करें। हम गलतियां निकालें पर दायित्व स्वीकार नहीं करें। जरूरत इस बात की भी है कि संसद को शुद्ध सांसें मिले, संसदीय जीवन जीने का शालीन, मर्यादित एवं सभ्य तरीका मिले।

साहित्य और समाज

अच्छे साहित्य से ही अच्छे समाज का निर्माण होता है और एक अच्छे समाज से एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण होता है। साहित्य भूत, वर्तमान और भविष्य तो बताता ही है, साथ में कला, संस्कृति, गुणों, तार्किक और गंभीर शैली को भी समझाता है। अच्छा साहित्य विविध रूपों से प्राकृतिक छवि दशार्ता, अलौकिक ज्ञान की अनुभूति कराता, रहस्यमयी युक्तियों की गुत्थी को भी सरलता पूर्वक सुलझाता है। समाज अनुभवों की एक व्यापक उर्वरक भूमि है, जहां से साहित्य को सामग्री मिलती है। मानवीय मूल्यों की रक्षा करते हुए उसे जनमानस तक ले जाने का सिद्ध कार्य साहित्य ने ही किया है। इतिहास में इसके अनेक प्रमाण हैं कि साहित्य ने अपनी क्रांतिकारी विचारधाराओं से समाज में आश्चर्यजनक परिवर्तन किए हैं। फ्रांस की क्रांति के प्रेरणास्रोत रूसों और वाल्टेयर के लेख ही थे। मैजिनी के विचारों ने इटली को जीवनी प्रदान किया। भारतीय साहित्यकारों ने विदेशी शासन से जूझते हुए नौजवानों को मर-मिटने की भावना भर दी थी। किसी भी राष्ट्र या समाज के सांस्कृतिक स्तर का अनुमान उसके साहित्य के स्तर से लगाया जा सकता हैं। साहित्य न केवल समाज का दर्पण होता हैं, बल्कि वह दीपक भी होता हैं, जो समाज का ध्यान उसकी बुराइयों की ओर दिलाता है और एक आदर्श समाज का रूप प्रस्तुत करता हैं। यह माना जाता है कि किसी देश की सभ्यता तथा संस्कृति के इतिहास को पढ़ने के लिए उसके साहित्य को ही पढ़ना पर्याप्त होता है। इसीलिए साहित्य किसी देश, समाज तथा उसकी सभ्यता या संस्कृति का

दर्पण होता है। साहित्य और समाज का अविच्छिन्न संबंध है। समाज यदि आत्मा है तो साहित्य उसका शरीर है। बिना साहित्य के समाज का स्पष्ट प्रतिबिंब नही देखा जा सकता है। साहित्यकार एक समाज का ही अंग होता है। उसकी शिक्षा-दीक्षा समाज में ही होती है। उसे सामाजिक जीवन में ही अपने भावों और अपने विचारों को अभिव्यक्त करने की प्रेरणा मिलती है। समाज में जैसी परिस्थितियां और विचार होते हैं, साहित्य में भी वैसा ही परिवर्तन आ जाता है। अगर समाज में वीर भावना है, साहित्य में भी शौर्य की झलक मिलेगी। समाज या साहित्य रचने वाले के वर्ग में विलासिता का साम्राज्य है तो साहित्य भी शृंगारिक होगा। कहा जा सकता है कि साहित्य और समाज परस्पर आश्रित और एक दूसरे के पूरक हैं। नंद किशोर जोशी, बीकानेर। जल से जीवन जल प्रतिबल से आशय ऐसी स्थिति से है, जिसमें कोई देश जल संसाधनों की आवश्यकताओं की पूर्ति में अक्षम होता है। यह जल की गुणवत्ता में कमी और अपर्याप्त जल संसाधन के कारण उत्पन्न होती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत विश्व के उन सत्रह देशों में शामिल है जो अत्यंत गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं। अत्यंत गंभीर जल संकट वाले देशों की सूची में भारत को तेरहवें स्थान पर रखा गया है और जनसंख्या इस श्रेणी के अन्य सोलह देशों की जनसंख्या से तीन गुनी से अधिक है। जल प्रतिबल औद्योगिक कचरा, शहरीकरण, प्रदूषण, वर्षा जल की बबार्दी, स्वच्छता की दयनीय अवस्था और कम जल स्तर के प्रभावों का प्रतिफल है। भारत की चौवन फीसद आबादी उच्च से उच्चतर जल प्रतिबल की चुनौती का सामना कर रही है। जल प्रतिबल में प्रादेशिक विभिन्नता भी है। चंडीगढ़ सबसे ज्यादा जल प्रतिबल में प्रभावित है। उसके बाद हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का स्थान है। उत्तर प्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ भाग वर्षा जल की कमी के कारण जल प्रतिबल से प्रभावित हैं। प्रायद्वीपीय भारत के राज्य, जैसे महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना अपर्याप्त वर्षा जल के कारण जल संकट की समस्या से ग्रस्त हैं। केरल जो वर्ष 2018 में बाढ़ का शिकार रहा था, जल प्रतिबल की समस्या से ग्रसित है। जिसका कारण उच्च तापमान एवं जल की कमी है इस चुनौती से निपटने के लिए वर्षा जल संचयन, दैनिक जल उपयोग में कमी, औद्योगिक कचरे का जैविक उपचार आदि को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। साथ ही आम जनता को भी चाहिए कि पालिथीन और प्लास्टिक जैसे उपकरणों का निर्माण और उपयोग कम करे। इसके लिए सरकार को विशेष रणनीति बनाने की जरूरत है और इसे जमीनी स्तर पर प्रभावी करने के साथ-साथ इसका पालन नहीं करने वाले को दंडित करने की भी जरूरत है। जल के बिना हम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते हैं। एस कुमार, चंदवारा, वैशाली, बिहार। क्रयशक्ति की सीमा भारत में कुल जीडीपी का लगभग चौवन फीसद सेवा क्षेत्र, यानी तृतीयक क्षेत्रक द्वारा निर्मित है। कुल जीडीपी के निर्माण में द्वितीयक क्षेत्रक का योगदान लगभग चौबीस फीसद है, जबकि प्राथमिक क्षेत्रक मात्र बाईस प्रतिशत के करीब ही जीडीपी में योगदान देता है।

संपादकीय

बदल गए रिश्तों के नाम

अब घरों में अम्मा, माई, बाबूजी और दादा-दादी लोग रहेंगे, तो यह बेडरूम-बाथरूम, स्टोररूम-टैरेस वाला घर बेहद बेचारा नहीं हो जाएगा और उसमें रहने वाले लोग समाज में पिछड़े, बल्कि बैकवर्ड नहीं हो जाएंगे! तो फिर अब इसमें मम्मी-डैडी रहने लगे- रमचन्ना की माई हो गई- रामचरन की मम्मी। फिर बेचारे दादी-दादा भी हो गए- ग्रैंड फादर-ग्रैंड मदर। और अब वह दिन, वह मंजिल दूर नहीं, जब ये लोग माम-पाप और ग्रैनी होने की राह पकड़ लेंगे, जो शहरों में कब के हो चुके हैं! अब तो हमारे नौजवान बड़ी शान से हमारे वन सन वन, वन डाटर और नौनिहाल लोग हम टू ब्रदर्स-सिस्टर्स कहने लगे हैं। इसमें आई गिनतियों का मामला तो कहने लायक ही नहीं- इसके लिए तो गोया अंग्रेजी को वैधता ही मिल गई है। फिर टू-थ्री-फोर आदि तो उल्लेख्य भी न रहे। सबसे बुरा हाल हिंदी के सास-ससुर का हुआ है। हमारे यहां ये मां-पिता के स्थानापन्न हुआ करते थे। जंगल में सीता ने अपने पालकों को पिता-माता नहीं, सास-ससुर के समान कहा है- बनदेवी बनदेव उदारा, करिहहिं सास-ससुर सम सारा। लेकिन अब वे अंग्रेजी की औपचारिक संस्कृति में फादर-इन-ला, मदर-इन-ला के रूप में कानूनन मां-पिता हो गए हैं। फिर संक्षिप्त रूप बनाने की अंग्रेजी प्रवृत्ति के तहत बोलने-कहने में वे इन-लाज से सिर्फ लाज रह गए। साले-बहनोई की स्थिति हमारे यहां भी अच्छी न थी- मजाक से गाली तक में इस्तेमाल होता रहा। सो, उसके लिए तो ब्रदर-इन-ला बन जाना उतना खलने वाला भी नहीं। और ये लोग लाज बने नहीं, क्योंकि सास-ससुर बन गए हैं- कोई भाषा अपने को दुहराती नहीं- बदल लेती है। बदले भोजन-वसन अब ऐसे घरों में ऐसे रिश्तों के साथ रहने वाले लोग अगर भात-दाल खायेंगे, तो कैसा लगेगा! लिहाजा, वे अब तो राइस-दाल खाते हैं। चावल-दाल तो शरीफ लोग हमारे बचपन से ही खा रहे हैं. यानी चावल-भात का अंतर तभी मिट गया था। सो, खाने वाले चावल को राइस बनने में देर न लगी। अब तो चाइनीज की बहार है, जिसमें चावल से बनी चीजों के तो इन्हके नाम अनेक- अनूपा हो गए हैं, लेकिन हम नृप कहब स्व मति अनुरूपा के मुताबिक मैं कुछ थोड़े बता पाऊंगा- मंचूरियनङ्क आदि बन गए। हमारा परौठा बस आधुनिक होने में परांठा भर हुआ है। बचपन में ब्रेड का मतलब रोटी पढ़ाया गया था। बाद में पता लगा कि वह पावरोटी होना चाहिए था। लेकिन इसीलिए रोटी ब्रेड होने से बच गई, क्योंकि तब तक ब्रिटेनिया आदि के ब्रेड बन कर आ गए थे। लेकिन ब्रेड के साथ बटर आ गया और रोटी पर मक्खन लगने बंद हो गए- ब्रेड पर बटर लगने लगा। दाल-रोटी चलना मुहावरा तक बदल के यही हमारा ब्रेड-बटर है हो गया। घी जरूर अंग्रेजी में भी बना हुआ है, पर उससे दाल अब छौंकी नहीं, फ्राई की जाती है। और अब मशीनी खेती में बैलों की बेजरूरती के चलते गायों पर संकट आया, तो पैकेट में मिल्क आने लगे- हालांकि थैली में दूध आ सकते थे। उसमें भी ज्यादा गाढ़ा वाला मिल्क गोल्ड हो गया- सामान्य वाला मिल्क जरूर ताजा रह गया है। फिर बेचारे दादी-दादा भी हो गए- ग्रैंड फादर-ग्रैंड मदर। और अब वह दिन, वह मंजिल दूर नहीं, जब ये लोग माम-पाप और ग्रैनी होने की राह पकड़ लेंगे, जो शहरों में कब के हो चुके हैं।

आस्था...

ग्रहों के सेनापति मंगल ने किया युवा अवस्था में प्रवेश, इन राशियों की धन- संपत्ति में होगी अपार बढ़ोतरी, हर क्षेत्र में मिलेगी सफलता

वैदिक पंचांग के अनुसार मंगल ग्रह ने युवा अवस्था में प्रवेश कर लिया है, जिससे कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती है... ग्रहों के सेनापति मंगल ने युवा अवस्था के साथ चलना किया शुरू- ज्योतिष शास्त्र मुताबिक ग्रह एक निश्चित अंतराल पर अपनी उच्च और निम्न डिग्री के साथ भ्रमण करते हैं। जिसका प्रभाव मानव जीवन और पृथ्वी पर देखने को मिलता है। आपको बता दें कि अभी ग्रहों के सेनापति मंगल अपनी स्वराशि मेष में भ्रमण कर रहे हैं और उन्होंने अपनी युवा अवस्था में प्रवेश कर लिया है, जिससे कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती है। साथ ही इनकी धन-दौलत में अपार बढ़ोतरी हो सकती है। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं मायावी ग्रह राहु करने जा रहे शनि के नक्षत्र में प्रवेश, इन राशियों की पलटेगी किस्मत, करियर में तरक्की के साथ कमाएंगे खूब सारा धन मेष राशि आप लोगों के लिए मंगल ग्रह का युवा अवस्था में भ्रमण करना लाभकारी साबित हो सकता है। क्योंकि एक तो मंगल ग्रह आपकी राशि के स्वामी हैं। साथ ही वह इस समय मेष राशि में ही संचरण कर रहे हैं। इसलिए इस समय रूचक राजयोग भी बना रहे हैं। इसलिए इस दौरान आपको धन- संपत्ति की प्राप्ति होगी। साथ ही आपकी आयु में वृद्धि होगी। साथ ही कष्टों से छुटकारा मिलेगा। वहीं आपको समाजिक प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। साथ ही आपके नए- नए लोगों के साथ संबंध बनेंगे। वहीं इस समय नौकरीपेशा लोगों की पदोन्नति हो सकती है। 4 दिन बाद शुक्र ग्रह होने जा रहे उदय, इन राशियों के शुरू होंगे अच्छे दिन, हर कार्य में मिलेगी सफलता कर्क राशि मंगल ग्रह का युवा अवस्था में चलना कर्क राशि के जातकों को अनुकूल सिद्ध हो सकता है। क्योंकि मंगल ग्रह केंद्र त्रिकोण राजयोग और रूचक राजयोग बना रहे हैं। वहीं इस समय आपकी कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। साथ ही जो प्रतियोगी छात्र हैं, उनको किसी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। सरकारी नौकरी मिल सकती है। वहीं जो लोग बेरोजगार हैं, उनको भी नौकरी मिलने के योग हैं। वहीं नौकरी पेशा लोगों की पदोन्नति और मनचाही जगह ट्रांसफर हो सकता है। 100 साल बाद मालिका राजयोग बनने से इन राशियों की चमकेगी किस्मत, शुक्र और सूर्य देव की रहेगी विशेष कृपा सिंह राशि आप लोगों के लिए मंगल ग्रह युवा अवस्था में संचरण करना शुभ फलदायी सिद्ध हो सकता है। क्योंकि मंगल ग्रह ने केंद्र त्रिकोण राजयोग आपके भाग्य घर में बनाया है।

आज का राशिफल

मेषः चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ।
मेषः युगलों के बीच की गलतफहमियां अपने आप दूर होकर शांतिपूर्ण संबध लौटेंगे। आपके लिए लंबी यात्रा के योग हो सकते हैं। इस यात्रा से आपको कुछ समय के लिए अपने परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। नए उपक्रम की योजना बना रहे व्यापारियों को चाहिए कि आज काम का शुभारंभ अवश्य करें और इस दिशा में फैसले की ओर कदम उठाये। जमीन-जायदाद के जुड़े कारोबारियों के लिए आज दिन अनुकूल रहेगा। आज काम की बहुत व्यस्तता रहेगी।

वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो।
वृषभः विवाहित युगल आज अत्यधिक सामीप्य का अनुभव करेंगे और प्रेम और सद्भावनापूर्ण संबंधों का आनंद लेंगे खोजकताओं का एक समूह आपको उनकी यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर सकता है। यह आपके लिए किसी सपने के पुरे होने जैसा होगा। आप हमेशा से ही पर्यटन के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करने के इच्छुक रहे है। खाद्य सामग्री के व्यवसाय में रत उद्योजक आज परियोजना की शुरूआत कर लें या किसी नए संस्थान का अधिग्रहण कर लें, इससे बाजार में उनकी प्रतिष्ठा बहुत बढ़ेगी। जमीन-जायदाद से जुड़े व्यवसायी आज आराम कर सकते हैं

मिथुनः क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा।
मिथुनःअविवाहित व्यक्तियों को चाहिए कि अपने मित्रों को पार्टियों और समारोहों में हिस्सा लें, जिससे संभावित प्रेमी से भेंट हो सके। अगर परिवार के साथ बाहर सैर सपाटे पर जाने की योजना बना रहे हैं तो आज दिन अच्छा है। स्वास्थ्य सेवाकर्मी और डॉक्टर आज अपने व्यवसाय के चरम शिखर पर होंगे। राजनेताओं को आज पार्टी सदस्यों के आवश्यक और जरुरी समस्याओं के समाधान के लिए बुलावा आ सकता है। आज आप अच्छी सेहत का मजा लेंगे। स्वास्थ्य सेवाकर्मी और डॉक्टर आज अपने व्यवसाय के चरम शिखर पर होंगे।

कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो।
कर्कः आज कामकाज के संबंध में किसी से भेट हो सकती है जिससे मिलकर आप उसकी ओर आकर्षित हो सकते हैं। परिवार के वयस्क आज बहुत ऊजार्वान महसूस करेंगे। वे दूसरे सदस्यों के साथ भी मिलजुल कर आनंद मग्न रहेंगे। घर में छोटी-मोटी समस्याएं हो सकती हैं जिसके कारण आपको पहले से तय कोई सैर या घुमने जाने की योजना रद्द करनी पड़ सकती हैं। बेरोजगार आज कुछ नए लोगों से मिलेंगे जो उनकी नियुक्ति में बहुत मददगार साबित हो सकते हैं। वकीलों को आज किसी बड़े संस्थान की ओर से वैधानिक सलाहकार के पद के लिए निमंत्रित किया जा सकता है।

सिहंः मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे।
सिंहः वयस्कों के अनुभव और मार्गदर्शन से घर के सभी सदस्यों को लाभ होगा। बच्चों को अपने बुजुर्गों से व्यवहार करते समय मयार्दा में रहना चाहिए। उनका बचपना वयस्कों को दुखी कर सकता है। विद्यार्थियों के लिए अच्छा दिन है। वे बौद्धिक विषयों पर दोस्तों के साथ पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। जो लोग एक समूह में पढ़ते हैं, उन्हें बहुत फायदा होगा। बच्चों को बाहर सैर के लिए ले जाते समय शिक्षकों को सावधान रहने होगा। छुटपुट दुर्घटनाएं हो सकती हैं। वे सदैव इसके लिए तैयार रहें। आपका शारीरिक स्वास्थ्य आपकी मानसिक सेहत पर निर्भर करता है।

कन्याः टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।
कन्याः अविवाहितों के पालक उनके लिए योग्य सम्बंध के लिए प्रयत्न करेंगे। कोई अप्रत्याशित व्यावसायिक यात्रा आपके कार्यक्रम को उथल पुथल कर सकती है। लेकिन इस यात्रा के परिणाम आपके लिए फायदेमंद होंगे। अपने मकान निर्माण की योजना बना रहे लोगों के लिए आज शुभ दिन होगा। शेयर बाजार के मधास्था और प्रतिस्पर्धियों को आज अत्यधिक उतार चढाव के प्रति जागरूक रहना होगा। विशेष कर तब जब वे किसी ग्राहक की रकम का निवेश कर रहे हों। राजनेता आम जनता और पार्टी के अन्य वरिष्ठ सदस्यों के बीच बहुत लोकप्रिय होंगे।

तुलाः रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते।
तुलाः आज किसी प्रियजन के बारे में दुखद समाचार सुनने मिल सकता हैं, आपकी उपस्थिति और सहायता से उन्हें बहुत सांत्वना मिलेगी यदि आप अविवाहित है तो आज किसी भी नए व्यक्ति से मिलते समय सावधान रहें। धन रखें की हर चमकती सोना नहीं होती। आज आप अपनी यात्रा के दौरान किसी अविस्मरणीय व्यक्ति से मिल सकते हैं। अच्छे और नए काम की तलाश कर रहे डॉक्टरों को आज उच्चादिकारियों की ओर से सुरक्षित सेवा के लिए बुलाया जा सकता है। शेयर बाजार के निवेशकों को उनकी तर्क शक्ति से बहुत मदद मिलेगी।

वृश्चिकः तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू।
वृश्चिकः एकाकी जन आज किसी से मिलेंगे जो उनके जीवन में नए सकारात्मक बदलाव लाएगा। छात्रों के लिए आज अनुकूल दिन नहीं हैं। वे अपने दोस्तों के साथ बहस कर समय बर्बाद कर सकते हैं। आज खिलाड़ियों को अपने-अपने क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए पुरस्कार मिलने की संभावना बताई जाती है। उन्हें आज जीवनगौरव पुरस्कार भी मिल सकता है। कलात्मक अभिरुचि के लोगों के लिए आज का दिन बहुत उच्च-नीच और उद्विग्नता का हो सकता है। उन्हें चाहिए कि आत्मविश्वास को कम ना होने दें और काम करते रहें।

धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे।
धनुः आज आप अपने पुराने रिश्ते को सुधारने की दिशा में कदम उठाएंगे। ठंडी हवा और शीत पेय आदि से प्रभावित होने वाले बच्चों को इन चीजों से दूर रखें। मौसम के कारण उनका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। जो लोग काम की तलाश में हैं उन्हें संकोच और शर्म छोड़ कर निशंक होकर दूसरों से मदत और सलाह लेनी चाहिए। न्यायिक व्यवसाय से जुड़े लोग आज अपने आसपास बहुत से परिवर्तन देखेंगे। अपितु, उनके कामों के सन्दर्भ में कोई खास बदलाव नहीं होगा। अपने कार्य के सन्दर्भ में मिलने वाले मत के लिए शिक्षकों को मानसिक परिपक्वता का परिचय देकर शालीनता का प्रदर्शन करना होगा।

मकरः भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी।
मकरः उत्सव के माहौल के रूप में परिवारों के लिए एक अच्छा दिन आता है और बहुत खुशीयां लाता है। शिक्षक और विद्यार्थी जो शैक्षणिक यात्रा पर जा रहे हों, उन्हें बहुत सजग रहने की आवश्यकता है। छोटी मोटी दुर्घटनाओं की संभावना है। जंगल, नदी, पहाड़ों से गुजरते समय सावधान रहें। आपकी व्यावसायिक नीतियाँ, कुशलता और योग्यता आपको व्यवसाय क्षेत्र में ख्याति दिलाएगी। आज स्थावर संपत्ति के कारोबार से जुड़े लोगों के लीये अपनी कठिनाइयों पर विजय पाने और अपने कार्यक्षेत्र में अग्रेसर रहने का दिन होगा।

कुंभः गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा।
कुंभः अविवाहितों को किसी अनापेक्षित मार्ग से आज विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। बाहर मनोरंजन हेतु जाने का कार्यक्रम किसी अनापेक्षित कारण से स्थगित करना पड़ेगा, जिससे सभी को निराशा होगी। शिक्षकों के लिए आज शिक्षा के सन्दर्भ में चुनौती भरा दिन होगा। विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान से उनके अध्यापन कौशल्य की परीक्षा होगी। खिलाड़ी आज बहुत गतिशील रहेंगे। किसी भी दुस्साहसपूर्ण काम के लिए स्वयं को स्फूर्त और उत्साहित महसूस करेंगे। नए कलातंत्र और नयी कल्पनाओं पर परिक्षण कर रहे कलाकारों को लगेगा जैसे वे शुन्य में हैं।

मीनः दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची।
मीनः अविवाहित जन आज किसी आकर्षक व्यक्ति से मिल सकते हैं, पर उन्हें सलाह है कि कोई भी प्रतिबद्धता या समर्पण व्यक्त करने से पहले अच्छी तरह सोच समझ लें। आज बाजार का उतार चढ़ाव निवेशकों को अनापेक्षित मुनाफा दिलाएगा। वे वास्तव में बहुत बड़ा लाभ पा सकते हैं यदि सोच समझ कर निवेश करें। व्यवहार-कुशल राजनेता आज अपने कार्यक्षेत्र में उभर कर आयेंगे। वे अपने कामकाज को आगे बढ़ाकर अपनी पार्टी में ऊंचा मुकाम हासिल करेंगे। व्यवसायिक खिलाड़ी आज कुछ कर दिखाने की महत्वाकांक्षा से ओतप्रोत होंगे।



इस आर्टिकल में हम एमटेक करने वाले इंडियन प्रोफेशनल्स के लिए उपलब्ध करियर ऑप्शन्स पर चर्चा कर रहे हैं. आपके लिए यह बहुत जरुरी है कि आप एमटेक की डिग्री हासिल करने के बाद स्टूडेंट्स या प्रोफेशनल्स के लिए भारत में उपलब्ध विभिन्न सूटेबल जॉब ऑफर्स, करियर ऑप्शन्स या हायर स्टडीज़ के बारे में पहले से ही समुचित जानकारी हासिल कर लें. आइये इस आर्टिकल में हम इस टॉपिक पर विस्तार से चर्चा करें ताकि आपको एमटेक के बाद विभिन्न करियर ऑप्शन्स के बारे में और अधिक सटीक तथा महत्त्वपूर्ण जानकारी मिल जाए और आप इस जानकारी के आधार पर अपने लिए कोई करियर लाइन या हायर स्टडीज़ के लिए कोर्स चुनते समय उपयुक्त निर्णय ले सकें.

एमटेक डिग्री होल्डर्स के लिए करियर ऑप्शन्स

एमटेक डिग्री होल्डर्स ले सकते हैं डॉक्टोरल डिग्री (पीएचडी) में एडमिशनविदेश से हासिल करें पीएचडी की डिग्रीएमटेक डिग्री होल्डर्स के लिए उपलब्ध हैं ये विशेष अवसरफेक यूनिवर्सिटीज में एडमिशन लेने से जरुर बचें

डॉक्टोरल डिग्री (पीएचडी) में एडमिशन

अगर आप टीचिंग के प्रोफेशन में जाना चाहते हैं या आप किसी रिसर्च एवं डेवलपमेंट कंपनी में काम करने का शौक रखते हैं तो आप अपनी एमटेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद अपने पसंदीदा विषय में पीएचडी कर सकते है. जब आप एमटेक के बाद पीएचडी करने का इरादा कर लेते हैं तो आपका ऑब्जेक्टिव स्पष्ट होना चाहिए कि आप टीचिंग या रिसर्च को अपने करियर ऑप्शन के तौर पर चुन रहे हैं. भारत में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए, भारत सरकार ने रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन्स (आर एंड डी) जैसी सेंट्रल यूनिवर्सिटीज को मंजूरी दी है. टीचिंग प्रोफेशन बेशक आकर्षक पेशा है लेकिन इसमें काफी चुनौतियां भी आती हैं. आप अपने जोश और रूचि के अनुसार, एमटेक के बाद अपना करियर चुन सकते हैं.

ज्वाइन कर सकते हैं सूटेबल जॉब

आजकल के ट्रेंड को देखते हुए, आपको अपनी बीटेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद जो जॉब प्रोफाइल मिलती है, वही जॉब एमटेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद भी मिल सकती है. हालांकि, एमटेक की डिग्री मिलने के बाद आपके जॉब रोल और पोजीशन के तहत आपको ज्यादा जिम्मेदारियां सौंपी जायेंगी और आपका सैलरी पैकेज भी काफी अच्छा होगा. इसके अलावा, एमटेक की डिग्री हासिल करने के बाद क्योंकि आपको टेक्निकल प्वाइंट्स की ज्यादा अच्छी जानकारी और समझ होगी और आप अपने सुपूर्द कार्यों के बारे में ज्यादा अच्छी तरह सोच-विचार कर सकेंगे, इसलिये आप अपने सभी काम ज्यादा बेहतरीन और फायदेमंद तरीके से करने में सक्षम होंगे. आप एमटेक की डिग्री हासिल करने के बाद, बड़ी सरलता से रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन्स, मैन्युफैक्चरिंग फर्म्स और कंपनियों में किसी प्रोजेक्ट मैनेजर, रिसर्च एसोसिएट और सीनियर इंजीनियर्स के तौर पर जॉब प्राप्त कर सकते हैं.

एमटेक डिग्री होल्डर्स के लिए उपलब्ध हैं ये विशेष अवसर

किसी इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी से अपनी पीएचडी की पढ़ाई करने के बारे में कोई इंस्टिट्यूशन चुनते समय आप पूरी सावधानी बरतें और उस इंस्टिट्यूट की क्रेडिबिलिटी एवं एक्रीडिटेशन को डबल चेक करें. भारत में एआईसीटीई की तरह ही, यूएसए में एक्रीडिटेशन प्रोसेस को एबीईटी मेनटेन रखता है. इसलिये, स्टूडेंट्स संबद्ध यूनिवर्सिटी की एबीईटी एक्रीडिटेशन रेटिंग जरुर चेक करें और उसके बाद ही कोई निर्णय लें.

एमटेक प्रोफेशनल्स के लिए बढ़िया टीचिंग प्रोफेशन भी

आमतौर पर, अधिकांश स्टूडेंट्स अपनी एमटेक की डिग्री प्राप्त करने के बाद एकेडेमिक जॉब्स करना पसंद करते हैं. आजकल, भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र का बड़ी तीव्र गति से विकास हो रहा है और इस कारण डीम्ड यूनिवर्सिटीज, शिक्षा संस्थानों और कॉलेजों में टीचर्स और प्रोफेसर्स की मांग काफी बढ़ रही है. एमटेक करने के बाद टीचिंग का पेशा ज्वाइन करने के लिए, स्टूडेंट्स को इस बात का ध्यान जरुर रखना चाहिए कि उनके पास इस पेशे के लिये बेहतरीन कम्युनिकेशन और प्रेजेंटेशन स्किल्स अवश्य होने चाहिए क्योंकि इन दोनों ही स्किल्स का टीचिंग प्रोफेशन में खास महत्व है. इसके अलावा, आपको टीचिंग का शौक भी होना चाहिए और आपको बड़े धैर्य और शांति के साथ अपने स्टूडेंट्स के साथ व्यवहार करना चाहिए. आपको किताबें और जर्नल्स पढ़ने की आदत डालनी होगी ताकि आपको अपने संबद्ध विषय में प्रचलित ट्रेंड्स की पूरी जानकारी हो.

शुरू करें अपनी कंपनी या स्टार्टअप

क्या आप एमटेक करने के बाद एक एंटरप्रेन्योर बनना चाहते हैं? यह बहुत बढ़िया करियर ऑप्शन है. बहुत ही कम एमटेक ग्रेजुएट्स अपनी कंपनी खोलना चाहते हैं. हालांकि, आपके लिए यह एक अच्छी खबर है कि एमटेक की डिग्री के आधार पर आपको वेंचर कैपिटलिस्ट्स से फंड और इंवेस्टमेंट्स को लेकर काफी सहायता मिलेगी. अगर आप अपना काम या व्यापार पूरे डेडिकेशन के साथ करना चाहते हैं और आप उपयुक्त बिजनेस सेंस के साथ एक निडर व्यक्ति हैं तो आप अवश्य एक सफल एंटरप्रेन्योर बनेंगे. हमारी शुभकामनायें आपके साथ हैं.

पीएचडी-स्पेशलाइजेशन

पीएचडी होल्डर को हमेशा महत्वपूर्ण समझा जाता है और उन्हें काफी सम्मान मिलता है. अगर आप एमटेक के बाद डॉक्टोरल स्टडी करना चाहते हैं तो इससे आपको आश्चर्यजनक फायदा होगा बशर्ते आप अपना काम पूरी लगन और जोश सहित करें. एमटेक में आपके स्पेशलाइजेशन विषय के आधार पर ही पीएचडी में आपका स्पेशलाइजेशन विषय निर्धारित होगा. उदाहरण के लिए, अगर आपने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में एमटेक की है तो पीएचडी में आपका स्पेशलाइजेशन का विषय मैकेनिकल इंजीनियरिंग से संबद्ध होगा. यद्यपि, आपका वास्तविक रिसर्च एरिया अंतिम तौर पर इंस्टिट्यूट कमेटी का संबद्ध विभाग स्टूडेंट्स के नॉलेज बेस और एप्टीट्यूड के आधार पर निर्धारित करता है. आजकल, पीएचडी में इंटर-डिसिप्लिनरी अप्रोच काफी लोकप्रिय हो रही है. इसका यह मतलब है कि पीएचडी स्टूडेंट्स एक साथ दो पीएचडी स्पेशलाइजेशन्स चुन सकता है, जहां गाइडेंस के लिए एक से ज्यादा एक्सपर्ट्स की जरूरत पड़ेगी.



फेलोशिप्स

आईआईएससी, बैंगलोर जैसे प्रसिद्ध इंजीनियरिंग इंस्टिट्यूट्स की पीएचडी स्टूडेंट्स के लिए अपनी अलग फंडिंग पॉलिसीज हैं. फेलोशिप में रु. 19,000 - रु. 24,000 तक प्रतिमाह दिए जाते हैं. आमतौर पर, इस कोर्स की अवधि 3 वर्ष होती हैं जिसे जरुरत के मुताबिक बढ़ाया जा सकता है.

स्कॉलरशिप्स

डिपार्टमेंट ऑफ़ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, डिपार्टमेंट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, यूजीसी, एआईसीटीई और सीएसआईआर पीएचडी स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप्स ऑफर करते हैं. महिला साइंटिस्ट्स के लिए भी अलग स्कॉलरशिप स्कीम्स हैं. उक्त सरकारी संस्थानों के अलावा, शेल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी प्राइवेट कंपनियां भी इंडस्ट्री संबंधी प्रॉब्लम्स में स्पेशलाइजेशन करने वाले पीएचडी स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप उपलब्ध करवाती हैं. इसके अलावा, कई प्राइवेट कंपनियां भी देश में रिसर्च एंड डेवलपमेंट एक्टिविटीज को बढ़ावा देने के लिए इंवेस्टमेंट करके अपना योगदान देती हैं.

जो स्टूडेंट्स पीएचडी करना चाहते हैं, उन्हें निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए -

- कोई भी इंस्टिट्यूट चुनने से पहले, स्टूडेंट्स को उस इंस्टिट्यूट की इंफ्रास्ट्रक्चरल फैसिलिटीज और लाइब्रेरी की कंडीशन, इक्विपमेंट्स, लेब्स आदि जैसी अन्य सुविधाओं को अच्छी तरह चेक कर लेना चाहिए.
- पीएचडी के स्पेशलाइजेशन एरिया के मुताबिक ही एक्सपर्ट्स का चयन किया जाना चाहिए. अन्यथा, पीएचडी स्टूडेंट और संबद्ध गाइड के बीच अलगाव की स्थिति हमेशा कायम रहेगी.
- असल में, कोई भी पीएचडी प्रोग्राम एक ओपन-एंडेड प्रोग्राम होता है और यह तब तक पूरा नहीं समझा जाता है जब तक कि स्टूडेंट्स अपना रिसर्च कार्य अच्छी तरह पूरा न करें. इसलिये, आप अपने पीएचडी के पहले वर्ष से ही अपने रिसर्च कार्य को पूरी गंभीरता के साथ करें.

विदेश से हासिल करें पीएचडी की डिग्री

- जो स्टूडेंट्स विदेश में पीएचडी करना चाहते हैं, उनके लिए काफी उज्ज्वल संभावना होती है. स्टेनफोर्ड, पिट्टसबर्ग, बर्कले और विस्कॉन्सिन जैसी काफी प्रसिद्ध यूनिवर्सिटीज, जो सभी जरुरी मॉडर्न फैसिलिटीज से पूरी तरह लैस होती हैं. इसलिये, ये यूनिवर्सिटीज आपकी पीएचडी की स्टडी बिना किसी रुकावट के पूरी करने के लिए बहुत उपयोगी साबित हो सकती हैं. विदेश में अपनी पीएचडी स्टडीज करने के लिए, स्टूडेंट्स को टीओईएफएल और जीआरई एग्जाम पास करने पड़ते हैं. इन एग्जाम्स में प्राप्त किये गये स्कोर्स के आधार पर, आप किसी सुप्रसिद्ध इंटरनेशनल कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं.
- हमारे यहां पीएचडी प्रोग्राम्स के लिए जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया को भी सबसे पसंदीदा स्थानों में शामिल किया जाता है. विभिन्न यूरोपीयन देशों में पीएचडी करने की लागत काफी कम है, हालांकि, इन देशों में कॉस्ट ऑफ़ लीविंग काफी ऊंची है.

इंटरव्यू में जरूरी है आत्मविश्वास

किसी इंटरव्यू में सबसे पहले इस बात का आकलन किया जाता है उम्मीदवार आत्म विश्वास से भरा है या नहीं।

किसी इंटरव्यू में सबसे पहले इस बात का आकलन किया जाता है उम्मीदवार आत्मविश्वास से भरा है या नहीं। नियोक्ता किसी कर्मचारी में जिन जरूरी स्किल की तलाश करता है, उनमें आत्मविश्वास सबसे प्रमुख होता है। कई बार ऐसा भी देखा जाता है कि अच्छे उम्मीदवारों का भी जॉब में सिलेक्शन नहीं होता है क्योंकि इंटरव्यू के दौरान वह काफी नर्वस था या उसमें आत्मविश्वास की कमी इंटरव्यू लेने वालों को खल रही थी। आत्मविश्वास सिर्फ इंटरव्यू में ही नहीं, जॉब के दौरान भी आपको हर जगह दिखाना होता है। इस पर आपकी तरक्की भी निर्भर करती है। इसलिए खुद को कॉन्फिडेंट बनाने का हुनर आपको सीखना ही चाहिए।

प्रोफेशनल दिखें

जब आप किसी जॉब के लिए आवेदन करते हैं, तो आवेदन या रिज्यूमे में ही अपने बारे में बेहतर से बेहतर तस्वीर दिखाने की पूरी कोशिश करते हैं। मगर इंटरव्यू के दौरान भावी एम्प्लॉयर यह पता लगा लेता है कि आप वास्तव में क्या हैं। इसलिए आपको उसी हिसाब से अपना व्यवहार दिखाना होगा। इंटरव्यू या जॉब के दौरान आपको पूरी तरह प्रोफेशनल दिखना चाहिए।

अपनी क्षमता पर भरोसा

सबसे पहले तो आपको खुद की क्षमता पर भरोसा करना होगा। आपने अपने रिज्यूमे में खुद अपनी काबिलियत की तारीफ की है, तो उस पर भरोसा भी करें। यह मान लें कि आपके अंदर क्षमता है और आप किसी इंटरव्यू को अच्छी तरह से फेस कर सकते हैं या कोई नया चुनौतीपूर्ण काम मिलने पर उसे भली भांति कर सकते हैं।

नेटवर्किंग की कला

नेटवर्किंग से आपके अंदर की घबराहट कम होती है और सीनियर लोगों से मिलने-जुलने, उनके अनुभव जानने से आपको मार्गदर्शन मिलता है। इससे आपको यह सीख मिलती है कि इंटरव्यू के दौरान या जॉब के दौरान किस तरह पेश आना चाहिए।

अति से बचें

ज्यादातर लोग आत्मविश्वासी बनने के चक्कर में अति- आत्मविश्वास से भर जाते हैं। फिर यह ईगो का रूप ले लेता है। कम योग्यता होते हुए भी कई बार लोग यह सोचते हैं कि उनसे बेहतर कोई नहीं और किसी जॉब के लिए उनका सिलेक्शन तो तय है। इस बात का ध्यान रखें कि जब आप रिज्यूमे या कवर लेटर बनाएं, तो वह विज्ञापन जैसा न हो।

सही सवाल करें

ऐसे समय में उम्मीदवार सबसे ज्यादा मुश्किल में दिखता है, जब इंटरव्यूअर उससे पूछता है, 'क्या आप हमसे कोई सवाल करना चाहते हैं?' अगर आपके सामने ऐसी स्थिति आती है, तो इस बात का ध्यान रहे कि आपका सवाल सही तरीके का हो। आप चाहें, तो जॉब में संभावित चुनौतियों के बारे में सवाल पूछकर अपनी रुचि और आत्मवश्वास दर्शा सकते हैं। या फिर आप इंटरव्यूअर से यह सवाल भी कर सकते हैं कि उनके लिए सफलता का मतलब क्या है।

अपना ज्ञान बढ़ाएं

अपनी ताकत और कमजोरियों के बारे में अच्छी जानकारी से आत्मविश्वास बनाए रखना आसान होता है। बिना किसी आत्म-मुग्धता के ऐसा तरीका निकालें कि ताकत वाले गुण कैसे बढ़ें और कमजोरियों को कैसे कम किया जा सके।

मेघनगर नवागत थाना प्रभारी ने थाना प्रांगण में खिलाड़ियों का किया सम्मान

♦भारत टाइम्स♦

रहीम शेरानी झाबुआ। झाबुआ विजेता खिलाड़ियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया कबड्डी उपविजेता बालिकाओं का खेल में अच्छा प्रदर्शन रहा मेघनगर थाने पर अभी हाल ही मे पदस्थ हुए नवागत थाना प्रभारी श्री के, एल, बरकडे ने खेल प्रशिक्षको एवम्-जिला स्तर पर विजेता रहे खिलाडियो का किया स्वागत सम्मान किया !खेल प्रशिक्षको ने नवागत टी,आई, का स्वागत किया पुलिस विभाग एवम्-खेल विभाग द्वारा संयुक्त थाना स्तर पुलिस अनुविभाग स्तर जिला स्तर पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जिसमे खिलाडियो को दो ग्रुप मे बाँटा गया था पहला ग्रुप 14 वर्ष से 18 वर्ष से कम व 18 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाडियों का खेल आयोजन हुआ ! जिसमें जिला स्तर पर मेघनगर थाना क्षेत्र के खिलाडियों का अच्छा खेल प्रदर्शन रहा। जिला स्तर पर रस्सा खेंच मे विजेता सिनियर पुरूष वर्ग, जूनियर वर्ग रस्सा खेंच पुरूष वर्ग विजेता व व्हालीबाल मे पुरुष वर्ग विजेता रहे। तथा जूनियर वर्ग बालिका उपविजेता रही जिला स्तर इस खेल उपलब्धी पर नवागत टी, आई, ने विजेता खिलाडीयो व खेल प्रशिक्षको का थाना परिसर मे स्वागत सम्मान किया । एवं खिलाडियो को संन्देश देते हुए कहा के एक अच्छा खिलाडी व अच्छा नागरिक बनने के लिए कड़ी मेहनत करना चाहिए साथ ही नशीली वस्तुओं से दूर रहना चाहिए क्योंकि नशा इंसान को बर्बाद कर देता है ओर परिवार को भी बर्बाद करता है आप सभी अच्छे नागरिक बनकर रहे ओर देश की सेवा का जज्बा दिल में रखकर अपने उज्जवल भविष्य को सवारते हुए नेकी के कार्य करते रहे नवागत थाना प्रभारी ने सभी कलाकारों को शपथ भी दिलाई । प्रशिक्षको द्वारा भी नवागत थाना प्रभारी का फूलों की माला पहना कर स्वागत किया गया इस अवसर पर पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेघनगर श्री जोसफ मावी नोगाँवा खेल प्रशिक्षक विजय जोशी, पंचपिपलिया प्रदीप डाबी, मेघनगर शा स्कूल तेजिया डामोर, खेल युवा कल्याण से प्रिया हटीला, आदि खिलाडीयो का स्वागत सम्मान किया गया सम्मान पाकर खेल प्रशिक्षको एवं खिलाड़ियों में काफी खुशी देखी गई ।

सिर्फ सीखें नहीं, जो आप सीखते हैं उसे लागू भी करें

दीपा दुराईसामी की कहानी: कैसे उन्होंने नई स्किल्स सीखकर नेतृत्व की भूमिका निभाई

♦भारत टाइम्स♦

मुंबई। दीपा दुराईसामी, मुंबई की एक टेक विशेषज्ञ लगभग 20 साल का अनुभव, एक दिन महसूस किया कि आगे बढ़ने के लिए उन्हें और सीखने की जरूरत है। उन्होंने देखा कि तकनीक लगातार बदलती रहती है, और इसके साथ बने रहने के लिए उन्हें भी लगातार सीखना होगा। उन्होंने एक साफ लक्ष्य के साथ, अपग्रेड के पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डेटा साइंस में दाखिला लिया। दीपा ने सोचा कि नए कौशल सीखने से उन्हें नए मौके मिलेंगे और वे अपनी पूरी क्षमता तक पहुँच सकेंगी। डिप्लोमा इन डेटा साइंस प्रोग्राम पूरा करने के बाद, दीपा आत्मविश्वास और नए विचारों के साथ अपने काम पर लौटीं। अब, वह डेटा वैज्ञानिकों की एक टीम का नेतृत्व करती हैं जो कठिन समस्याओं को हल करती है। उनकी कहानी दिखाती है कि सीखना कभी नहीं रुकता और खुद में निवेश करना बहुत फायदेमंद होता है। दीपा दुराईसामी (स्टूडेंट) डेटा साइंस ने कहा,₹अपग्रेड के शिक्षक बहुत अच्छे थे। वे सिर्फ शिक्षक नहीं थे वे अनुभवी पेशेवर भी थे दीपा ने कहा, उनकी असली जीवन की कहानियाँ और उदाहरणों ने मुझे डेटा साइंस को बेहतर तरीके से समझने में मदद की और मुझे आत्मविश्वास दिया कि मैं असली चुनौतियों का सामना कर सकती हूँ। दीपा ने कुछ सलाह भी दी सिर्फ सीखे नहीं, जो आप सीखते हैं उसे लागू भी करें। अपने नए कौशल का अभ्यास करने के तरीके खोजें-इससे आप सच में समझते हैं और आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। जब आप अपने ज्ञान का उपयोग करते हैं, तो आप किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हो जाते हैं। दीपा की कहानी हमें याद दिलाती है कि पेशेवर विकास एक आजीवन यात्रा है। हमेशा सीखते रहें और जो आप सीखते हैं उसे लागू करने के मौके खोजें।

गंभीर बीमारी के खिलाफ इलाज में लापरवाही हो सकती जानलेवा : डॉ.आर एन द्विवेदी

- असमय मौत का शिकार होने से बचने के लिए हीट स्ट्रोक (लु) का भी समय पर इलाज जरूरी
- चिंहित कर होनी चाहिए झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई

♦भारत टाइम्स♦

सुनील बाजपेई कानपुर। लू लगने के रूप में मौत का तांडव अभी भी बंद नहीं है। लू लगने पर इलाज में लापरवाही किसी की भी असमय मौत का भी कारण बन सकती है। इसीलिए समय रहते इलाज जरूर कर लेना चाहिए। यह बात यहां जाने-माने चिकित्सक डाक्टर आर एन द्विवेदी ने कही। बातचीत के दौरान उन्होंने झोलाछाप डॉक्टरों से सतर्क रहने की भी बात कही और कहा कि ऐसे झोलाछापों से संबंधित मरीज का जीवन खतरे में भी पड़ सकता है । लू लगने योग्य चिकित्सक से ही इलाज कर जाने की सलाह देते हुए अपनी चिकित्सकीय दक्षता और सफल इलाज से अब तक लू का शिकार होने वाले कई लोगों की जान बचा चुके सस्ते और कारगर इलाज के चलते मरीजों से अक्सर घिरे रहने वाले और चिकित्सकीय अनुभव के इरादे से कई देशों की यात्रा भी कर चुके द्विवेदी हेल्थ केयर सेंटर और मां बिंदेश्वरी हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेंटर अंबेडकर नगर गुजैनी के चेयरमैन चर्चित डॉ आर एन द्विवेदी ने दावा किया कि किसी भी मर्ज का शिकार होने वाले लोगों की असमय मौत का कारण योग्य चिकित्सक से इलाज करने में लापरवाही ही होती है। असमय मौत का शिकार होने से बचने के लिए लू से बचाव को आवश्यक बताते हुए अपनी संतोषजनक चिकित्सकीय सेवाओं के लिए भी चर्चित तथा हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने वाले सर्व ब्राह्मण विकास परिषद के दक्षिण जिला मंत्री और भारतीय जनता पार्टी में दक्षिण मंडल के भी संयोजक बेहद सहयोगी स्वभाव के अनुभवी तथा व्यवहार कुशल डॉक्टर आर एन द्विवेदी ने इलाज के अभाव में असमय होने वाली मौतों के लिए झोलाछाप लोगों को भी दोषी ठहराते हुए।

नशामुक्ति भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

♦भारत टाइम्स♦

रहीम शेरानी झाबुआ। कलेक्टर नेहा मीना के निदेर्शानुसार जिले में नशामुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के तहत 20 जून 2024 को विकास खण्ड रानापुर के टिकडी मोती के शासकीय विद्यालय में बालक, बालिकाओं को तम्बाकू, गुटखा एवं शराब से कैसे बचना है, के बारे में गीत, नारे एवं शपथ के माध्यम से समझाईश दी गई। आज के युग नशे की लत में कैसे फसते जा रहे है, व अपना भविष्य को बर्बाद कर रहे है, साथ ही 21 जून 2024 को भी रानापुर में आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था मर्यादित मैं भी ग्रामीणो को तम्बाकू, गुटखा, बीड़ी सिगरेट आदि के बारे मे समझाईश दी गई। इस दौरान शासकीय कला पथक दल से श्रीमती कुसुम एवं श्रीमती सुमन सलाम का भी सहयोग रहा।

अतिक्रमण को लेकर पार्षद ने लिखा अधिशाषी अधिकारी को पत्र

अतिकर्मियों द्वारा किये जा रहे धड़ल्ले से अवैध अतिक्रमण अतिक्रमियों ने वार्ड नंबर 06 में बने सार्वजनिक शौचालय पर किया निजी कब्जा

देवगढ़ विद्याधर वैष्णव। नगर पालिका के वार्ड नंबर 06 शास्त्री नगर में नगर पालिका की बेशकीमती भूखंडों एवं भूमियों पर धड़ड़ले से अतिक्रमण किया जा रहा है।जिसको लेकर पार्षद सविता गुवांरिया द्वारा सोमवार को अधिशाषी अधिकारी विजेश मंत्री को पत्र लिखा है। पत्र में बताया की अतिक्रमियों द्वारा नगर पालिका की बेशकीमती भूमि पर अवैध तरीके से अतिक्रमण कर कब्जा कर रखा है।अतिकर्मियों द्वारा अवैध तरीके से अतिक्रमण करते हुए नगर पालिका की भूमि को अपनी भूमि बताकर 69अ एव स्टेटग्रांट की फाइल बनाकर नगर पालिका देवगढ़ में भूमि शाखा में अपने फायदे के लिए फाइले लगा रखी है ऐसे लोगों से इन भूमियों भूखंडों को खाली करा कर पुनः नगर पालिका कब्जा लेने एवं तारबंदी करते हुए बोर्ड लगाया जायें नगर पालिका की बेशकीमती भूमियों पर ऐसे अतिक्रमी एवं दलालों से भूमि वापस पालिका का संपत्ति घोषित करते हुए तारबंदी कराई जाने की मांग रखी है।

रतलाम पुलिस गढा धन निकालने के नाम पर दस लाख रुपए की धोखाधड़ी व रंगदारी करने वाले आरोपीयो को 6 घंटे के अन्दर पुलिस ने किया गिरफ्तार

♦भारत टाइम्स♦

रतलाम /जगदीश परमार। फरियादी हेदर अली पिता अब्बास भाई हामिद बोहरा उम्र 62 साल नि.31 ताहिरपुरा चांदनी चौक रतलाम ने थाना माणकचौक रतलाम पर रिपोर्ट किया कि आरोपी अबु बकर उर्फ अब्बु पिता अय्युब खांन जाति शैरानी मुसलमान नि.शैरानीपुरा रतलाम, अली असगर पिता अकबर अली बोहरा नि.लोकमान्य स्कूल के सामने बोहरा बाखल रतलाम, युनुस उर्फ बारिक पिता हबीब अली नि.वकील कालोनी कालिका मांता मंदिर के पास रतलाम, बाबा उर्फ काका उर्फ वजुनाथ नि.बड़ोदिया के द्वारा फरियादी के साथ उसकी दुकान में गढ़ा हुआ धन निकालने की बात को लेकर दिनांक 15.04.24 को रात्री करिबन 11.30 बजे अबु बकर ने फरियादी की दुकान की लाईटे तथा कैमरा बंद करवाए तथा दुकान का शटर गिरा कर दुकान में खुदाई करने ही लगे व अचानक से बाबा नि.बड़ोदिया का निचे गिरवा कर कपटपूर्वक मरने का नाटक कर फरियादी से बोला कि खुदाई करने मे देर कर दी है इसलिये बाबा मर गया है । बाबा भी उनके साथ मरने का छल करने लगा व फरियादी से धोखाधड़ी कर तीस लाख रुपए की मांग की व फरियादी से दस लाख रुपए धोखे से वसूल कर लिये तथा शेष

बीस लाख के लिये आरोपीयो ने फरियादी के साथ रंगदारी कर रहे थे नही देने पर मारपीट की । थाना माणकचौक रतलाम पुलिस द्वारा फरियादी की रिपोर्ट पर से आरोपीयो के विरूद्ध अपराध क्रमांक 336/24 धारा 420,417,327,120-बी भादवि का पंजीबद्ध किया गया तथा श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल कुमार लोढा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राकेश खाखा के निर्देशन एंव श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिनव वारंगे के मार्गदर्शन में व निरी. रणजीत सिंगार थाना प्रभारी थाना माणकचौक के नेतृत्व में थाने पर पुलिस टीम का गठन किया गया व मात्र 06 घंटे के भीतर ही आरोपी 01.अबु बकर उर्फ अब्बु पिता अय्युब खांन जाति शैरानी मुसलमान नि. रतलाम 02.अली

असगर पिता अकबर अली बोहरा नि.लोकमान्य स्कूल के सामने बोहरा बाखल रतलाम 03.युनुस उर्फ बारिक पिता हबीब अली नि.वकील कालोनी कालिका मांता मंदिर के पास रतलाम को गिरफ्तार कर आरोपीयो से पूछताछ कर उनके द्वारा धोखाधड़ीपूर्वक लिये गये रूपयो में से 01 लाख रुपए को पुलिस ने बरामद कर लिया है व गिरफ्तारशुदा आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से माननीय न्यायालय के आदेशानुसार रतलाम जेल दाखिल किया । शेष आरोपी बाबा उर्फ काका उर्फ वेजनाथ निवासी बडोदिया का फरार होकर तलाश जारी है। आरोपियों 01.अबु बकर उर्फ अब्बु पिता अय्युब खांन जाति शैरानी मुसलमान नि.शैरानीपुरा रतलाम मोन.9755332481 02.अली असगर पिता अकबर

अली बोहरा नि.लोकमान्य स्कूल के सामने बोहरा बाखल रतलाम मोन.8982561999 03.युनुस उर्फ बारिक पिता हबीब अली नि.वकील कालोनी कालिका मांता मंदिर के पास रतलाम 04.बाबा उर्फ काका उर्फ वेजनाथ निवासी बडोदिया सराहनीय कार्यः- आरोपीयो को गिरफ्तार करने एंव उनसे रुपए की बरामदगी में थाना माणकचौक रतलाम के थाना प्रभारी निरी. रणजीत सिंगार, उप.निरी. प्रवीण वास्कले, सउनि. छोटेलाल यादव , प्र.आर. 373 नारायणसिंह जादोन , प्र.आर.419 दिलीप रावत , प्र.आर. सुधीर राठोर , आर.722 चन्द्रशेख? , आर.526 मुकेश गणावा , आर.875 रणवीर सिंह , आर.विरेन्द्र बारोठ , आर. चन्द्र मार्को , आर. महेन्द्र सिहं चुण्डावत , आर. संदीप शर्मा की सराहनीय भूमिका रही है।

कानपुर में भाजपा नेता जीत प्रताप और एस के सिंह ने अर्पित की श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि

- अकबरपुर से भाजपा के देवेंद्र सिंह भोले को जिताने में सबसे अहम रहा एस के सिंह और प्रबल दावेदार जीत प्रताप सिंह का रोल

- अगर देवेंद्र सिंह भोले को नहीं मिलती तो लगभग पक्की थी जीत प्रताप सिंह की टिकट और भाजपा की होती लाखों वोटों से जीत
- क्षत्रिय जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष एस के सिंह और भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह के समर्थन ने टिकट नहीं मिलने से नाराज भाजपा विधायक द्वारा देवेंद्र सिंह भोले को हराने के लिए किए गए हर संभव प्रयास को भी

♦भारत टाइम्स♦

सुनील बाजपेई कानपुर। यहां पुण्यतिथि पर प्रखर राष्ट्रवादी , जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते हुए उन्हें भाव भीनी पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने कार्यालय में इस कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह ने उनके राष्ट्र हित को समर्पित कृतित्व व व्यक्तित्व पर भी प्रकाश डाला। इसी तरह से क्षत्रिय जागरण मंच और भारतीय प्रधान संगठन के अध्यक्ष एस के सिंह ने भी पुण्यतिथि पर प्रखर राष्ट्रवादी , जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते हुए उन्हें भाव भीनी पुष्पांजलि अर्पित की। चर्चित भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह के आयोजन में जहां विजय प्रताप सिंह , महेन्द्र पांडेय शशीराज सिंह , बी.के.विश्वकर्मा, युवराज सिंह , आकाश , अंकित , नितिन और अरविंद आदि मौजूद रहे । वहीं हजारों की सदस्य संख्या वाले भारतीय प्रधान संगठन और क्षत्रिय जागरण मंच के अध्यक्ष एस के सिंह द्वारा मुख्यालय हंसपुरम में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता भूपेन्द्र सिंह, राजकुमार तिवारी, महिला नेत्री निशा तिवारी और राकेश शर्मा आदि मौजूद रहे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक यह भी अवगत कराते चलें कि अकबरपुर लोकसभा चुनाव में देवेंद्र सिंह भोले की तीसरी बार जीत में अन्य सभी महापुरुषों की तरह आरएसएस के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की भी पूर्ण तिथि पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन करने वाले तेज तर्रार और व्यवहार कुशल ऊजार्वान युवा चेहरे के रूप में अपने राजनीतिक जीवन शुरूआत से ही जनसमस्याओं के खिलाफ सफल संघर्ष में अग्रणी हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने के फलस्वरूप हर जाति, हर धर्म और हर वर्ग के मतदाताओं में चुनाव जीतने की हद तक मजबूत पकड़ रखने वाले अकबरपुर से प्रबल दावेदार भी रहे तेजतर्रार और व्यवहार कुशल वरिष्ठ भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह के साथ ही हजारों की सदस्य संख्या वाले भारतीय प्रधान संगठन और क्षत्रिय जागरण मंच के अध्यक्ष एस के सिंह की भी सबसे अहम भूमिका रही। सूत्रों को दावा है कि लाखों समर्थक मतदाताओं के रूप में एस के सिंह और जीत प्रताप सिंह के समर्थन का अभाव अकबरपुर में देवेन्द्र सिंह भोले की पराजय का भी कारण बन सकता था। और इसी वजह से तीसरी बार सांसद बने देवेंद्र सिंह भोले ने भारतीय प्रधान संगठन और क्षत्रिय जागरण मंच के यूपी अध्यक्ष एस के सिंह और जनता की पहली पसंद होने के चलते अकबरपुर से पहले नंबर के प्रबल दावेदार रहे जीत प्रताप सिंह से भी खुद मिलकर उनका समर्थन मांगा था, जिसके बाद जीत प्रताप सिंह और एस के सिंह ने अकबरपुर में प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले को जिताने के अभियान में सफलता प्राप्त करने के बाद ही चैन की सांस ली। पार्टी सूत्रों का यह भी दावा है कि पार्टी अगर पुराने चेहरों के स्थान पर नये चेहरों को मैदान में उतारती तो जनता की पहली पसंद होने के चलते जीत प्रताप सिंह ही न केवल प्रत्याशी होते बल्कि भारी मतों से भाजपा की जीत का कारण भी बनते। भाजपा से जुड़े सूत्रों का दावा यह भी है कि एस के सिंह और जीत प्रताप सिंह का प्रबल समर्थन टिकट के दावेदार रहे एक भाजपा विधायक द्वारा देवेंद्र सिंह भोले को हराने के हर संभव प्रयास को भी विफल करने के रूप में मुंहतोड़ जवाब देने में भी सफल रहा।

समग्र नेशनल आइकन अवार्ड 2024 का आयोजन

समग्र सेवा संस्थान जयपुर ने किया देशभर की 51 विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित

समग्र सेवा संस्थान की संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट दया शर्मा ने बताया कि इस सम्मान समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से अलग अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 51 विभूतियों को सम्मानित किया गया।

♦भारत टाइम्स♦

जयपुर(अमित कुमार चेचानी)। जवाहर कला केंद्र ऑडिटोरियम जयपुर में दिनांक 23 जून 2024 रविवार को समग्र नेशनल आइकन अवार्ड 2024 का आयोजन हुआ। समग्र सेवा संस्थान की संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट दया शर्मा ने बताया कि इस सम्मान समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से अलग अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 51 विभूतियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रहलाद राय टांक, अध्यक्ष, श्रीयादे माटी कला बोर्ड, राज्य मंत्री (राजस्थान सरकार) विधायक गोपाल शर्मा, और विशिष्ट अतिथि स्वामी सौरभ राघवेंद्राचार्य महाराज, साध्वी पीतांभरा दीदी, श्रीश्रीश्री महर्षि संदीपानी राम महाराज, पुष्पा माई महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा राजस्थान, डॉ. मोनिका आर करल रहे। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रहलाद राय टांक ने कहा कि समग्र विकास संस्थान द्वारा किए जा रहे सामाजिक सरोकार के कार्य निश्चित ही सराहनीय है इससे हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए और इन गतिविधियों में समाज के प्रत्येक नागरिको को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। **सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों के दिलो पर छोड़ी अमित छाप :** संस्थान सचिव राम यादव ने जानकारी में बताया कि आयोजन में सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने दर्शकों के दिलो पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। जिसमें गणेश वंदना, राजस्थानी लोक नृत्य, भांगड़ा, विभिन्न शास्त्रीय नृत्य, कालबेलिया नृत्यों प्रस्तुतियां शामिल रही। सफल आयोजन में संस्थान प्रतिनिधि अनिल जैन, मनीष कुमावत, सीकर टीम हेड प्यारे लाल जांगिड़, संस्थान टीम सदस्य शारदा शर्मा, बबिता सैनी, मोनिका जादम, पूजा शर्मा, मंजू शेखावत, राकेश सोनी आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों व शहर के गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एंकर करण ने किया। कार्यक्रम में सीकर से पधारे हुए अतिथियों ने समग्र विकास संस्थान की संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट दया शर्मा का उपरणा, शॉल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि संस्थान गत 23 वर्षों से सामाजिक सरोकार की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय है। जिसमें बालिका शिक्षा, नारी उत्थान व स्वास्थ्य, रक्तदान, गरीब व असहाय बच्चों व लोगों की मदद करना, पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियां इत्यादि है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय व प्रांतीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित व सम्मानित करना है। **सम्मानित होने वाली विभूतियां:** संस्थान के चितौड़गढ़ टीम हेड अमित कुमार चेचानी ने बताया कि समारोह में अतिथियों द्वारा डॉ. अल्पना बिमल दिल्ली (राष्ट्रीय संयोजिका राष्ट्रीय गौ काष्ठ अभियान दिल्ली), ओमवीर भार्गव (वरिष्ठ पत्रकार), सत्येंद्र कुड़ी, मुकेश कुमार सैनी, मंजू शर्मा उज्जैन, डॉ. रेखा खराड़ी डूंगरपुर (सामाजिक महिला उत्थान एवं साहित्यिक गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान), डॉ. शेफाली मेंहदीरत्ता, डॉ. किरण त्रिपाठी नई दिल्ली (प्रोफेसर शिक्षा साहित्य एवं समाज सेवा), धुडा राम यादव नीम का थाना सीकर, गोविंद सिंह छिपा, अदिति ब्रह्म भट्ट (मेडिकल विद्यार्थी व अंतराष्ट्रीय कथक नृत्यांगना), नईभोर संस्था (कम्युनिटी बेस ऑर्गेनाइजेशन), मदनलाल गढ़वाल (हॉकी कोच), तनिष्का अरोड़ा (समाजसेविका जोधपुर), मनोज कुमार त्रिवेदी (स्काउट सहायक राज्य संगठन आयुक्त संभाग जयपुर), उर्मिला न्याति समाज सेविका जयपुर, सरोज देवी योगी अध्यक्ष (एंटी ड्रग एंड एल्कोहल नागौर), अनुप्रीतिभार्गव (अनुप्रीति स्कूल ऑफ डांस एंड म्यूजिक प्रोफेशनल कत्थक परफॉर्मर कोरियोग्राफर(, मनोज मीणा (एम टू निशुल्क शिक्षा चित्तौड़गढ़), सुमेर सिंह चुंडावत (संपादक दैनिक सच मीडिया जोधपुर), योगेश जोशी (सीईओ एंड फाउंड इंडियन बॉलीवुड क्राउन हनुमानगढ़), दीपक कुमावत (ग्रीनिज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एंड गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर नौली क्रिया सल्फासन), मदन लाल मीणा, डॉ. देवेंद्र दाधीच सीकर, डॉ. गीता दाधीच सीकर निदेशक (पूर्व प्रमुख विशेषज्ञ स्त्री व प्रस्तुति रोग विभाग), मीना राजपूत (लक्ष्य संस्थान), सत्यनारायण सैनी समाज सेवक, रोहित शर्मा (वर्ल्ड बुक का रिकॉर्ड होल्डर राजस्थान घूमर क्वीन डायरेक्टर), दिलीप कुमार शर्मा वरिष्ठ पत्रकार, रामचंद्र पिलानिया झुंझुनूं, किशोरी लाल अग्रवाल समाज सेवक, सुल्तान राम जाट, विजय दाधीच (सहायक सचिव समन्वयक हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड चुरु), जागृति राव(संपादक जागृति दूत अखबार और मैगजीन) डॉ. शकुंतला टेलर समाज सेविका अजमेर, मीना श्री वास्तव दिविशा फाउंडेशन, लीला जैन समाज सेविका, प्रियंका गोयल(निदेशक प्रकृति फाउंडेशन), गणेश नारायण माली शिक्षक चित्तौड़गढ़, सुनील कुमार यादव (परिंडा अभियान सीकर), राहुल सिंह, कोमल गौतम (नेशनल स्विमिंग कांस्य पदक विजेता)सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 51 विभूतियों को सम्मानित किया गया।

राई का बाग स्टेशन का नाम सही करने की मांग को लेकर हुई आम सभा आयोजित

समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इसके बारे में दिए गए ज्ञापन पर रेल्वे विभाग की ओर से कोई भी जवाब या कार्यवाही नही करने से संपूर्ण देवासी समाज में रोष व्याप्त है।

♦भारत टाइम्स♦

बेंगलुरू। श्री मारू देवासी (राईका) समाज महामण्ल कोतनूर समाज भवन में रविवार को आम सभा आयोजन कार्यक्रम में देवासी समाज के पदाधिकारियों ने जोधपुर के राई का बाग स्टेशन के नाम को सही करते हुए पूर्ववत राईका बाग करने की मांग की। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इसके बारे में दिए गए ज्ञापन पर रेल्वे विभाग की ओर से कोई भी जवाब या कार्यवाही नही करने से संपूर्ण देवासी समाज में रोष व्याप्त है। पदाधिकारियों ने कहा की रेल्वे इस नाम को तुरन्त सही करने की कार्यवाही करे अन्यथा देवासी समाज मजबूर होकर आगामी एक जुलाई को कड़ा विरोध-प्रदर्शन करेगी। इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष सुजाराम मालावत, उपाध्यक्ष बद्रीराम गागंल, सचिव रेवतराम भीम, कोषाध्यक्ष गोरधनराम खाटाणा एवं शिवलाल, गुणेश, भुन्डाराम, पुषाराम, भगाराम, देवाराम, भाकरराम, श्रवण, सुखलाल, फौजी लक्ष्मण, शोभाराम, अचलाराम सहित देवासी समाज के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

जय श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हुआ परिसर

♦भारत टाइम्स♦

बेंगलुरू। राजराजेश्वरनगर में स्थित ओमकारा हिल्स में श्री राम गुरूकुल गौसेवा समिति बेंगलूरू एवं डॉ आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी मधुसूदनपुरीजी के सानिध्य एवं कथा वाचक महामण्डलेश्वर स्वामी प्रकाशानंद के सानिध्य में रात्रि 7 बजे भव्य जागरण रखा गया। दीप प्रज्वलित कर गुरू वंदना की गई। भजन गायक रमेश सैन ने गणपति वंदना की प्रस्तति देकर जागरण का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में राजस्थान से आए शैतान सिंह राजपुरोहित, स्थानीय भजन गायक रतनसिंह राजपुरोहित, हेमंत जोशी, राधेश्याम माली, मोहन सीरवी ने भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे समाजसेवी सी.के.मौहला हिन्दुस्तान गोल्ड का ट्रस्ट की ओर से माला साफा शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। सी.के.मौहला हिन्दुस्तान गोल्ड ने कहा कि भाग्य से ज्यादा बलवान कुछ नही है। सबसे बलवान हमारा भाग्य है। राम कथा जीवन में आदर्श बनना सीखाती है। उन्होंने कहा भगवान श्रीराम आज्ञा का पालन मर्यादा में रहकर 14 वर्षो का समय वनों में काटा, लेकिन अपने कष्टों का एहसास नही होने दिया। कहा कि राम नाम के गुणगान से मनुष्य अपनी नैया को पार लगा सकता है। इस अवसर पर मोतीलाल माली, दिनेश राजपुरोहित, शांतिलाल राजपुरोहित, राजू सुथार, भेराराम गुर्जर, बजरंग लाल चौधरी, आकाश राजपुरोहित सहित श्रीराम गुरूकुल गौसेवा समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

उपचुनावों के लिए मुख्यमंत्री का मकान किराए पर लेना दुर्भाग्यपूर्ण.कृष्ण कुमार मित्तल

कहा जनता पस्त, मुख्यमंत्री चुनाव प्रचार में मस्त

उन्होंने कहा कि राज्य में प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आई आम आदमी पार्टी की सरकार है और केवल उप चुनावों के लिए मुख्यमंत्री के द्वारा मकान किराए पर लेने के दो ही कारण हो सकते हैं

कृष्ण कुमार मित्तल।

♦भारत टाइम्स♦

रामा मंडी। अशोक कुमार. मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के द्वारा जालंधर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनावों के लिए जालंधर में जाकर मकान किराए पर लेना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है यह बयान कांग्रेस के जिला प्रवक्ता और पार्षद कृष्ण कुमार मित्तल ने दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब राज्य की जनता बेरोजगारी,महंगाई,नशे और खराब कानून व्यवस्था से पत्र है ऐसे समय में मुख्यमंत्री चुनाव प्रचार करने ने मस्त हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आई आम आदमी पार्टी की सरकार है और केवल उप चुनावों के लिए मुख्यमंत्री के द्वारा मकान किराए पर लेने के दो ही कारण हो सकते हैं या तो मुख्यमंत्री को अपने किए कामों पर विश्वास नहीं या फिर अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पंजाब में चार और विधानसभा क्षेत्रों में भी उपचुनाव होंगें क्या मुख्यमंत्री चारों जगह मकान किराए पर लेंगे उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा केवल उपचुनावों के लिए मकान किराए पर लेना यह बताता है उनके और उनकी सरकार के द्वारा सत्ता में रहते लोगों की भलाई के लिए कोई काम नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि भले ही मुख्यमंत्री और सरकार उपचुनावों में जीत के लिए कितने भी हथकंडे अपना ले लेकिन विधानसभा उपचुनावों में आम आदमी पार्टी की हार तय है।

हत्या और 40 से अधिक वाहनों की चोरी में बार-बार शामिल अपराधियों वाले एक अंतरराज्यीय छापेमारी गिरोह को वलसाड एलएसीबी ने बगवाड़ा के पास पकड़ा था

वलसाड एलसीबी ने लुटेरों के एक गिरोह के छह रीटा अपराधियों को पकड़ लिया, जो बगवाड़ा के पास एक बंगले को लूटने के लिए उपकरणों के साथ एकत्र हुए थे।

♦भारत टाइम्स♦

वापी से इकराम हैदर सैयद । 6 आरोपियों के पास से 88.960 ग्राम सोना जिसकी कीमत 6,40,506 रुपये, 529.780 ग्राम चांदी जिसकी कीमत 45,324 रुपये और 10,960 रुपये नकद और 12,20,340 रुपये की एक स्विफ्ट कार जब्त की गई। वलसाड एलसीबी ने लुटेरों के एक गिरोह के छह रीटा अपराधियों को पकड़ लिया, जो बगवाड़ा के पास एक बंगले को लूटने के लिए उपकरणों के साथ एकत्र हुए थे, इससे पहले कि वे डकैती को अंजाम दे पाते, धारदार हथियारों और बड़ी मात्रा में सोने और चांदी के साथ। वलसाड जिला स्थानीय अपराध शाखा को मिली सूचना के आधार पर पता चला कि कुछ लोग स्विफ्ट कार नंबर आरजे 36 सीबी 25 37 में सवार थे और लूट के इरादे से बगवाड़ा इलाके में लौट रहे थे निगरानी स्थापित कर सूचना के आधार पर कार को रोका और उसकी तलाशी ली, जिसमें एक धारदार हथियार सहित सोने और चांदी के आभूषण, वजन कांटा, जिओ राउटर और पेन ड्राइव भी मिले और कार में शामिल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तिहरे हत्याकांड का मामला पुलिस ने तिहरे हत्याकांड में शामिल दूसरे आरोपियों में दिनेश, जगदीश प्रसाद माली निवासी जोधपुर, गोविंद किशनलाल मेघवाल निवासी नागौर राजस्थान, राजेंद्र रोगथ बावरी निवासी विजयनगर राजस्थान, धनराज कैलाश बलाई निवासी अजमेर राजस्थान शामिल हैं। , राजस्थान के बावरी निवासी काल लालराम, राजस्थान निवासी मुकेश कालू मोहनलाल मेघवाल को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से पुलिस ने 6,40,506 रुपये का सोना और 45,324 रुपये की चांदी, पांच लाख रुपये की एक स्विफ्ट कार, 10,960 रुपये की नकदी बरामद की है। आरोपियों के पास से 20,000 रुपये कीमत के चार मोबाइल फोन और लॉट बर्खास्तगी में प्रयुक्त लोहे की रॉड, 850 रुपये, घातक हथियार चाकू, जियो राउटर पेन ड्राइव, कुल 12,20,340 रुपये बरामद हुए। गौरतलब है कि गिरफ्तार आरोपियों में से मुकेश मोहनलाल ने मेघवाल के खिलाफ कबूल किया है कि वह राजस्थान राज्य में 40 से अधिक चार पहिया वाहनों की चोरी के अपराध में पकड़ा जा चुका है, जबकि दिनेश जगदीश प्रसाद माली को पहले भी गिरफ्तार किया जा चुका है. राजस्थान के भिलारा थाना क्षेत्र में तिहरे हत्याकांड को अंजाम देने से पहले ही इन्हें बगवाड़ा के पास पकड़ने में सफलता मिल गई है।

गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती करवाया

बीमार व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती करवाते संस्था के सदस्य।

♦भारत टाइम्स♦

रामा मंडी। सहारा क्लब के सदस्यों के द्वारा गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती करवाया गया।सहारा क्लब के अध्यक्ष डॉ.सोहनलाल कल्याणी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के बाहर एक गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति बैठा है जिसके बाद वह और क्लब के एंबुलेंस पायलट बूटा सिंह मौके पर पहुंचे और उनके द्वारा बीमार व्यक्ति को सिविल अस्पताल रामा में भर्ती करवाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद व्यक्ति को बठिंडा रैफर कर दिया गया।बीमार व्यक्ति की पहचान देवरत्त पुत्र राम चंदा निवासी महेंद्रगढ़ के रूप में हुई है।

काशी ऐसे अद्भुत भजनों को सुना करके दर्शकों आह्लादित किया

♦भारत टाइम्स♦

वाराणसी। जिला प्रशासन की अभिनव पहल पर सोमवार को सुबह ए बनारस के अंतर्गत घाट संध्या कार्यक्रम में युवा कलाकार वी.श्रीदेवी शरवाणी ने गायन की प्रस्तुति का शुभारंभ राग पूरिया धनाश्री में देव वरदान माते, देवाधि देव शंकर, सुनु मन मूढ़ सिखावन मेरो, प्रेम मुदित मन से कहो राम राम, जय जय जग जननी देवी, विश्वेश्वर दर्शन कर चल मन तुम काशी ऐसे अद्भुत भजनों को सुना करके दर्शकों के हृदय को आह्लादित किया।संगत कलाकार के रूप में तबले पर पंकज राय,हारमोनियम पर हर्षित उपाध्याय उपस्थित रहे। कलाकार को प्रमाण पत्र डॉ प्रेम नारायण, शैलजा, एवं हिमा बिंदु ने प्रदान किया । प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ उनकी संगीत साधना की भी प्रशंसा की घाट संध्या कार्यक्रम का संयोजन सुबह ए बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा जी ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सीमा केसरी ने किया । इस अवसर पर भारी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

रामनगर इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के सहयोग से वृक्षारोपण किया

♦भारत टाइम्स♦

संजय यादव /रामनगर /वाराणसी। रामनगर इंडस्ट्रीयल एरिया में रविवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी क्लब वाराणसी कबीर एवं रामनगर इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के सहयोग से शुरू हुआ। आज 61 गोलमोहर के वृक्ष लगाए गए। इसके लिए गड्ढा शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं ट्री गार्ड की व्यवस्था संजय अग्रवाल के द्वारा की गई है।यह निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक सड़क पर अलग-अलग प्रकार के वृक्ष लगाकर उस सड़क के वृक्षों के रख-रखाव का दायित्व युवा पीढ़ी को दिया जाएगा। प्रत्येक वृक्ष का एक अभिभावक होगा उसके नाम पट्टिका वृक्ष पर लगा रहेगा तथा वह दो वर्ष तक लगातार उसका संरक्षण एवं संवर्धन करेगा।इस कार्य में विशेष योगदान शैलेन्द्र कुमार सिंह, राकेश जायसवाल, सुनील कुमार अग्रवाल, सुरेश पटेल, अरविन्द अग्रवाल एवं रोटरी क्लब से अध्यक्ष संजय अग्रवाल,सुरेश त्रिपाठी ,ऐश्वर्य अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोगों ने दिया। कार्यक्रम में हमारे संरक्षक आर के चौधरी और हमारे अध्यक्ष दया शंकर मिश्र की गरिमामय उपस्थिति रही। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र को वृक्षों से आच्छादित करने का संकल्प दिलाया।

लायंस क्लब चितौड़गढ़ ने गौ शाला में खिलाया गुड और ग्रास

♦भारत टाइम्स♦

चितौड़गढ़(अमित कुमार चेचानी)। क्लब सचिव दीपक वैष्णव ने बताया कि दिनांक 24/06/23 को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लायन्स क्लब चितौड़गढ़ के तत्वावधान में क्लब अध्यक्ष अशोक सोनी के पिताजी स्व. आनंदी लाल सोनी की 22वीं पुण्यतिथि पर गांधीनगर गौशाला में लायंस क्लब के सदस्यों और इनके परिवार जन ने गौ माता को 31किलो गुड़, एवम् एक ट्रॉली गौ ग्रास खिलाकर सेवा की। उक्त कार्यक्रम में परिवार सदस्य गीता देवी सोनी, श्याम सुंदर सोनी, अशोक कुमार सोनी, युवराज, हिमांशु सोनी, गीता सोनी, उषा सोनी, इशिता सोनी व लायन सदस्य बसन्ती लाल वेद, सत्य नारायण बंसल, मनजीत सिंह, अशोक सोनी,सुनील आगाल,विष्णु सोनी, दीपक वैष्णव, शंभू गिरी, रतन धाकड़, संजू धाकड़ उपस्थित रहे।

सांसद स्वर्गीय दिलीप सिंह भूरिया को पद्म विभूषण सम्मानित करने की उठी मांग

♦भारत टाइम्स♦

रहीम शेरानी झाबुआ । आदिवासियों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए बनाया गया पेसा एक्ट कानून, नौवीं पुण्यतिथि पर स्वर्गीय दिलीप सिंह भूरिया के प्रतिमा स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे उनके अनुयायीयो ने नौवीं पुण्यतिथि पर आदिवासी अंचल से उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित करने की मांग की जा रही है । स्वर्गीय भूरिया ने आदिवासी हित और अधिकारों के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया जिस तरह संविधान देश के हर नागरिक के अधिकारों की रक्षा करता है उसी तरह से उन्होंने आदिवासियों को अधिकार प्रदान करने और ग्राम सभा को सशक्त बनाने के उद्देश्य से वे पेसा कानून लेकर आए। ऐसे में अंचल का हर व्यक्ति चाहता है की स्वर्गीय भूरिया के योगदान को देखते हुए उन्हें पद्म विभूषण जैसे राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा जाए। सोमवार को भुरिया की नौवीं पुण्यतिथि थी, ऐसे में मेघनगर नाका स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर उनके अनुयायियों का मेला लगा। सभी ने आदिवासी समाज के उत्थान के लिए उनके द्वारा दिए गए योगदान को शिद्दत से याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। प्रातः से ही झाबुआ प्रतिमा स्थल पर अन्युयायियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था जो शाम तक अनवरत जारी रहा। स्वर्गीय दिलीपसिंह भूरिया के प्रति उनके अनुयायियों की आस्था इतनी गहरी है की झाबुआ जिले के साथ ही सीमावर्ती रतलाम जिले से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने सैकड़ो लोग पहुंचे। स्वर्गीय दिलीपसिंह भूरिया दलगत राजनीति से परे आदिवासी समुदाय के बीच एक सर्वमान्य नेता थे। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए उनकी पुत्री बेटी कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया, पूर्व सांसद गुमान सिंह डामोर, अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कलसिंह भाबर, पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेष दुबे, विजय नायर, पूर्व नपाध्यक्ष पर्वत मकवाना, विश्वास सोनी, अक्षय कटारिया सहित जिलेभर के सैकड़ो भाजपा नेता पहुंचे। **भुरिया की प्रतिमा पर 30 मीटर का साफा बांधा-** स्वर्गीय दिलीप सिंह भूरिया की पुण्यतिथि पर उनके भतीजे बालू भूरिया, बेटी निर्मला भूरिया और भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया ने आदिवासी संस्कृति के अनुरूप पूजन कर प्रतिमा पर 30 मीटर का साफा बांधा। इस दौरान जब तक सूरज चांद रहेगा, भूरिया का नाम रहेगा, जैसे नारे भी गूंज रहे थे ! **आंखों में आंसू भर कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा मेरे पिता एक सच्चे आदिवासी जन नेता थे-** वो मेरे नायक हैं। उन्होंने हर वर्ग और तबके के उद्धार के लिए काम किया। वे आखिरी सांस तक देशभर के आदिवासियों के अधिकार के लिए संघर्ष करते रहे। पेटलावद क्षेत्र में आज जो हरित क्रांति दिखाई दे रही है, यह उनकी बदौलत है। भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया ने कहा दिलीप सिंह भूरिया आदिवासी समाज ही नही पूरे झाबुआ जिले के गौरव थे। वे ऐसे नेता थे जो आजीवन आदिवासियों के अधिकारों के लिए लड़ते रहे। उनके योगदान को जनजाति समाज और झाबुआ जिला कभी भूल नही सकता। पूर्व सांसद गुमान सिंह डामोर ने कहा-स्वर्गीय दिलीप सिंह भूरिया ने आदिवासियों के लिए पेसा कानून लागू किया। में पूरे अंचल की ओर से केंद्र सरकार से ये मांग करता हूं कि वे स्वर्गीय दिलीप सिंह भूरिया को पद्म विभूषण से सम्मानित करें।

शीर्षक - बारिश की बूँदें

देखो धरा अम्बर से , मिलन की गुहार लगाये,
थाल भर मोती माणिक अम्बर ने खूब सजाये,
मन के आँगन बरस रही है मीठी मीठी सी फुहार,
प्यासी धरा भी आँखें मींचे आशा की झोली फैलाये।।
खुशियों भरी कागज की नाव गमों को बहा ले जाए
देखो न बाल मन का कोना कोना कैसे खिलखिलाये,
छपाक छप , छपाक छप बारिश का कंचन जल कहे,
भर लो अमृत चुल्लू में जिन्दगी तो हरदम ही जहर पिलाये।।
खिली है हर कली कली, पत्ता पत्ता भी मुस्काये,
नवल धवल हुए खेत खलियान देख कृषक गदगद हो जाये,
सौंधी सौंधी माटी, श्वास श्वास मातृभूमि के रक्षकों की महकाये,
बुलंद हौसलों की बारिश के बीच, शान से तिरंगा लहराये।।
धानी चुनर ओढ़ , अधरों पर धर लाज का घूँघट,
सजनी चली साजन घर, जब मन भावन सावन आये
प्रीतम ने अमियाँ की डाल पे प्रेम पुष्पों का झूला डाला,
कृष्ण राधिका संग, बंसी की धुन पे मधुर प्रेम राग गुनगुनाये।।
पीहू पीहू पपीहा बोले, मोर झम झम नाचे,
कुहू कुहू बोले कोयलिया काली झूमे हषार्ये और कह जाये
एक सच्चे भरोसे के बल पे, जीवन जीने का देते उपदेश,
मेहनत और आत्मविश्वास की मशाल ले सब चलते जाये।।
हे ईश्वर विनती है अबकि बरसात में,मानस पटल पर,
बारिश की नन्ही नन्हीं बूँदें,आकर कुछ यूँ ठहर जाये,
कि मन के द्वेष, ईर्ष्या,लोभ, अंहकार सब धुल जाये,
प्रेम और भाई चारे की छत्रछाया में सारा जग फिर समा जाये।।

शशि चंदन निर्झर

142 साल का हुआ अपना जोधपुर रेलवे

रेलवे ने चित्र-आलेख प्रदर्शनी से जाना जोधपुर रेलवे का गौरवशाली अतीत

- 24 जून को प्रारंभ हुआ था जोधपुर रेलवे का सफर
- रेलकर्मियों ने देखे रियासतीकालीन रेलवे के संचालन प्रबंध

महाराजा जसवंत सिंह ने 24 जून को दिखाई थी हरी झंडी

जोधपुर में मारवाड़ के तत्कालीन महाराजा जसवंत सिंह (द्वितीय) ने 24 जून 1882 को खारची (मारवाड़ जंक्शन) से पाली तक 19 मील के रेल मार्ग पर पहली रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रेलसेवा की शुरूआत की थी। उस समय महाराजा ने लगभग 5 लाख रुपए की लागत से रेल मार्ग बिछवाने का कार्य 31 मार्च, 1882 को पूर्ण करवा दिया। राजपूताना-मालवा रेलवे अफसरों के मध्य संधि हो जाने के कारण खारची पर माल व सवारी गाड़ियों के एक लाइन से दूसरी लाइन पर ले जाने का भी पुख्ता इंतजाम हो गया था।

♦भारत टाइम्स♦

जोधपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे का जोधपुर रेलवे सोमवार को 142 वर्ष का हो गया। 142 सालों पहले 24 जून 1882 को जोधपुर रेलवे पर खारची (मारवाड़ जंक्शन) से पाली मारवाड़ रेलवे स्टेशनों के बीच पहली बार स्टीम इंजन से ट्रेन चलना प्रारंभ हुई। इस उपलक्ष्य में सोमवार को जोधपुर मंडल पर डीआरएम ऑफिस सभागार में जोधपुर के रियासतीकालीन रेलवे के छाया चित्रों से जुड़ी 'अतीत के जोधपुर से बेहतर वर्तमान का निर्माण और इससे भविष्य के लिए प्रेरणा' विषयक चित्र प्रदर्शनी लगाई गई जिसे देखने बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी उमड़ पड़े। विश्वशांति एवं सद्भावना अभियानकर्ता भूतपूर्व रेलकर्मचारी राजेंद्र सिंह गहलोत द्वारा लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने कर्नल एस एस नेगी व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इसका बारीकी से अवलोकन किया और आजादी के पहले से चल रही जोधपुर रेलवे के ऐतिहासिक फोटो और तत्कालीन रेल संचालन से जुड़ी जानकारियां देखकर आश्चर्यचकित हुए बिना नही रह सके। बाद में उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में रियासतीकालीन जोधपुर रेलवे से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां फोटोग्राफ व आलेखों के माध्यम से प्रदर्शित की गई हैं जो वह प्रशंसनीय है तथा इसे नई पीढ़ी को भी दिखाने की रेलवे द्वारा उचित व्यवस्था की जाएगी।

साढ़े तीन हजार फोटो, आलेखों और दस्तावेजों ने जगाई उत्सुकता

प्रदर्शनी में राजेंद्र सिंह गहलोत द्वारा जोधपुर रेलवे के इतिहास से जुड़ी 42 वर्षों से संग्रहित फोटो व आलेखों का प्रदर्शन किया गया जिसमें जोधपुर रेलवे की स्थापना,इतिहास,तत्कालीन रेल संचालन व्यवस्था,समय सारणी,पुराने लोकोमोटिव के चित्र,रेलवे मैप,स्टेशनों का उद्घाटन व तत्कालीन रेलमंत्रियों द्वारा ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के लिए जोधपुर आगमन की जानकारी तिथि सहित प्रमुख अखबारों की कतरनें प्रदर्शित की गई।

ट्रेन चलाने के लिए इंजन किराए पर लिए जाते रहे

प्रदर्शनी में गहलोत ने जानकारी दी कि प्रारंभ में जोधपुर रेलवे के पास अपना खुद का कोई इंजन नही था,यहां राजपुताना व मालवा से इंजन किराया पर लेकर रेलगाड़ियां चलाई जाती थीं।सन 1883-84 में जोधपुर रेलवे के पास दो इंजन किराए के थे। सन 1885 में जोधपुर के तत्कालीन महाराजा ने 1878 में लंदन में निर्मित एक पुराना इंजन 13 हजार रुपए में खरीदा था।

पीएम मोदी के नेतृत्व में साकार हो रही 'आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत' की संकल्पना: सीएम योगी

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा सदस्य के रूप में तीसरी बार शपथ ली। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें बधाई दी। अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर सीएम योगी ने लिखकर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि लोकसभा सदस्य के रूप में लगातार तीसरी बार शपथ लेने की आपको हार्दिक बधाई! आपके यशस्वी नेतृत्व में 'आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत' की संकल्पना साकार हो रही है। निःसंदेह, यह तीसरा कार्यकाल 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को पूर्ण करने वाला सिद्ध होगा।

तेरापंथ धर्मसंघ के अद्वितीय व पुरुषार्थी आचार्य थे गुरुदेव तुलसी : युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमण

आचार्यश्री ने अपने सुगुरु के 28वें महाप्रयाण दिवस पर अर्पित की विनयांजलि

- अमलनेर से 12 कि.मी. का विहार कर महातपस्वी पहुंचे जानवे गांव
- एक आदमी संग्राम में दस लाख योद्धाओं को जीत लेता है और एक आदमी केवल अपनी आत्मा को जीतता है तो उनमें बड़ा विजेता अपनी आत्मा को जीतने वाला होता है।



♦भारत टाइम्स♦

जानवे, जलगांव (महाराष्ट्र)। एक आदमी संग्राम में दस लाख योद्धाओं को जीत लेता है और एक आदमी केवल अपनी आत्मा को जीतता है तो उनमें बड़ा विजेता अपनी आत्मा को जीतने वाला होता है। अपनी आत्मा को जीतने वाले की परम जय होती है। साधु बनना एक प्रकार से अध्यात्म समरांगण में प्रवृष्ट हो जाना होता है। इससे आत्म विजय वाले योद्धा बनने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो जाता है। जीवन में सम्यक चारित्र का आ जाना बहुत बड़ी उपलब्धि होती है। आज आषाढ़ कृष्णा तृतीया है। परम पूजनीय आचार्यश्री तुलसी का 28वां महाप्रयाण दिवस अथवा 27वीं वार्षिकी पुण्यतिथि है। आज के 27 वर्ष पूर्व गंगाशहर में अपने जीवन का अंतिम श्वास लिया था। 83वें वर्ष में उनका महाप्रयाण हुआ था। हमारे धर्मसंघ में सबसे कम उम्र में आचार्य बनने वाले प्रथम आचार्य थे। आचार्यश्री तुलसी करीब 22 वर्ष की अवस्था में धर्मसंघ के अधिनेता थे। हमारे धर्मसंघ में सबसे अधिक आचार्यकाल उनका ही रहा। लगभग 57 वर्ष आचार्यकाल रहा। वे हमारे धर्मसंघ के कीर्तिमान आचार्य थे। उन्होंने सुदूर क्षेत्रों की यात्रा करने वाले भी हमारे धर्मसंघ के प्रथम आचार्य थे। दक्षिण भारत की यात्रा करने वाले प्रथम आचार्य थे। कोलकाता पधारने वाले भी धर्मसंघ के प्रथम आचार्य थे। उनके आचार्यकाल में नए-नए उन्मेष दिए थे। उन्होंने अपने युवाचार्य के रहते हुए एक और साधु को ह्यमहाश्रमणह्ल के स्थान पर बिठा दिया और मुझे युवाचार्यश्री महाप्रज्ञजी का अंतरंग सहयोगी भी घोषित कर दिया। ऐसा निर्णय भी पूर्ववर्ती आचार्यों ने नहीं किया था। उनका व्यक्तित्व आकर्षक था। आचार्यश्री तुलसी का अपना सौंदर्य भी था। उन्होंने अणुव्रत आन्दोलन का प्रारम्भ किया। प्रेक्षाध्यान भी सामने आया, जीवन विज्ञान सामने आया। समण श्रेणी की स्थापना तेरापंथ धर्मसंघ में एक अभूतपूर्व कदम था। तेरापंथ धर्मसंघ में पहली बार अपने जीवनकाल में ही आचार्य पद को छोड़कर अपने उत्तराधिकारी को आचार्य बना दिया। यह तेरापंथ धर्मसंघ के इतिहास का अद्वितीय प्रसंग था। वे पुरुषार्थी आचार्य थे। यात्राएं करना, प्रवचन करना, लोगों के साथ इतनी बातचीत मानों वे जनता के ही आचार्य थे। वे राजनीतिक लोगों के सम्पर्क में भी रहे थे। उनके शासनकाल में ही पारमार्थिक शिक्षण संस्था का प्रारम्भ हुआ, जो आज मुमुक्षुओं का आश्रय स्थल बना हुआ है। धर्मसंघ के महान व्यक्तित्व का गंगाशहर में महाप्रयाण हो गया था। आज की तिथि गुरुदेवश्री तुलसी से जुड़ा हुआ है। गंगाशहर में नैतिकता का शक्तिपीठ उनका समाधिस्थल है। उनके जीवन से हम सभी को प्रेरणाएं मिलती रहें, हम सभी खूब धार्मिक-आध्यात्मिक विकास करते रहें। जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशमाधिशास्ता, शांतिदूत आचार्यश्री महाश्रमणजी ने तेरापंथ धर्मसंघ के नवमाधिशास्ता आचार्यश्री तुलसी के महाप्रयाण दिवस पर अपनी विनम्र विनयांजलि समर्पित की। उक्त कार्यक्रम जानवे गांव में स्थित जिला परिषद प्राथमिक केन्द्रशाला आयोजित हो रहा था। आचार्यश्री के मंगल प्रवचन से पूर्व साध्वीप्रमुखा विश्रुतविभाजी ने गणाधिपति आचार्यश्री तुलसी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इसके पूर्व सोमवार को प्रातःकाल की मंगल बेला में तेरापंथ धर्मसंघ के वर्तमान अधिशास्ता आचार्यश्री महाश्रमणजी ने अमलनेर से मंगल प्रस्थान किया। रात्रि में हुई वर्षा और सुबह में आसमान में छाए बादलों के कारण वातावरण में शीतलता व्याप्त थी, किन्तु दिन चढ़ने के साथ ही उमस बढ़ती गई। इस कारण शरीर पसीने से तरबतर बन रहा था। जन-जन को आशीष प्रदान करते हुए लगभग बारह किलोमीटर का विहार कर युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी जानवे स्थित जिला परिषद प्राथमिक केन्द्रशाला में पधारे। जहां विद्यालय के शिक्षकों आदि ने आचार्यश्री का भावपूर्ण स्वागत किया।

7 साल में 'बाबा विश्वनाथ' की आय में हुई चार गुना की वृद्धि

विश्वनाथ धाम के विस्तार व सुविधाओं से दान और दर्शनार्थियों की संख्या में हुई रिकॉर्ड वृद्धि...

- डबल इंजन सरकार में काशी में मिलने लगी विश्व स्तरीय सुविधा
- दुनिया के हर कोने से काशी पहुंचना हुआ आसान

वित्तीय वर्ष	आय
2017-2018	20,14,56,838 .43
2018-2019	26,65,41,673 .32
2019-20	26,43,77,438 .00
2020-21	10,82,97,852 .09
2021-22	20,72,58,754.03
2022-23	58,51,43 ,676 .33
2023-24	86,79,43,102. 00

♦भारत टाइम्स♦

वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ धाम का विस्तार कर सुगम और अत्याधुनिक बनाया गया तो विश्व भर से शिव भक्तों की संख्या दिन ब दिन बढ़ने लगी। श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद बाबा की आय में भी कई वृद्धि हुई। डबल इंजन सरकार में सुविधाओं के विस्तार होने के बाद विश्वनाथ धाम में दान और दर्शनार्थियों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि भी हुई। वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2023 -24 में बाबा की आय में चार गुना की बढ़ोत्तरी हुई है। बीच में कोरोना काल में भक्तों की संख्या में थोड़ी कमी आई थी, लेकिन इसके बाद फिर से इसमें बेतहाशा वृद्धि दर्ज की गई। 16.22 करोड़ पहुंच गई भक्तों की संख्या- श्री काशी विश्वनाथ धाम के कायाकल्प के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लगातार निरीक्षण और निर्देशन में मंदिर में कई सुविधाओं की बढ़ोतरी हुई।

डबल इंजन सरकार में मिलने लगी विश्व स्तरीय सुविधाएं

धार्मिक और आध्यात्मिक नगरी काशी अनादिकाल से सनातन धर्म मानने वालों की तीर्थस्थली है। डबल इंजन सरकार में अब काशी में विश्व स्तरीय सुविधाएं मिलने लगी है। इस प्राचीन शहर में दुनिया के हर कोने से पहुंचना आसान हो गया है, जिससे यहां भक्तों का प्रवाह बढ़ गया है। ऐसी मान्यता है कि सनातन परम्परा में दान से विशेष पुण्य मिलता है। धर्म की नगरी काशी में आने के बाद शिव भक्त दिल खोल कर चढ़ावा व दान कर रहे हैं।

बीकानेर-पुरी-बीकानेर एवं बीकानेर-दादर-बीकानेर रनकपुर एक्सप्रेस रेलसेवाओं का लालगढ स्टेशन तक अस्थाई विस्तार की अवधि को बढाया

♦भारत टाइम्स♦

जोधपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा बीकानेर-पुरी-बीकानेर, बीकानेर-दादर-बीकानेर रनकपुर एक्सप्रेस, रेलसेवाओं का लालगढ स्टेशन तक अस्थाई विस्तार की अवधि को दिनांक 30.09.24 तक बढाया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह के अनुसार निम्न रेलसेवाओं का लालगढ स्टेशन तक अस्थाई विस्तार बढाया जा रहा है। 1. गाडी संख्या 20471/20472, बीकानेर-पुरी-बीकानेर एक्सप्रेस रेलसेवा का लालगढ स्टेशन तक विस्तार को दिनांक 30.09.24 तक बढाया जा रहा है। 2. गाडी संख्या 14707/14708, बीकानेर-दादर-बीकानेर रनकपुर एक्सप्रेस रेलसेवा का लालगढ स्टेशन तक विस्तार को दिनांक 30.09.24 तक बढाया जा रहा है।

सुनियोजित विकास के लिए गठित होगा शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण

नगर निगम का दर्जा देने के बाद शाहजहांपुर को मुख्यमंत्री का एक और उपहार

♦भारत टाइम्स♦

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाहजहांपुर के दीर्घकालिक सुनियोजित विकास के लिए शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के गठन की आवश्यकता जताई है। सोमवार को आवास विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालिया वर्षों में शाहजहांपुर व आस-पास के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की अनेक परियोजनाओं से यहां एक ओर जहां औद्योगिक विकास तेज हुआ है, वहीं, आबादी में भी बढ़ोतरी देखी गई है। वर्तमान सरकार के पहले कार्यकाल में ही शाहजहांपुर को नगर निगम बनाया गया है। यहां पूर्व से ही विनियमित क्षेत्र है। हाल ही में यहां का मास्टर प्लान-2031 भी तैयार कराया गया है और अब आवश्यकता है कि शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विकास प्राधिकरण के गठन करते समय यह ध्यान रखा जाए कि प्राधिकरण के अंतर्गत आ रहे गांवों में आबादी की भूमि को ग्रीन लैंड कतई न घोषित किया जाए। आम आदमी को किसी प्रकार की समस्या न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में अनेक सरकारी भवन या तो उपयोग में नहीं है अथवा निर्माण कार्य अधूरा है। इन्हें चिन्हित कर पूरा करायें और सदुपयोग किया जाए, साथ ही कहा कि पीएम जनविकास कार्यक्रम के कार्यों के तेजी लाई जाए। होटल इंडस्ट्री के विकास पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के टूरिज्म पोटेंशियल को प्रोत्साहित करने के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश पर्यटकों की पहली पसंद बनकर उभरा है। देश से सबसे ज्यादा पर्यटक उत्तर प्रदेश में आते हैं। इन सकारात्मक परिस्थितियों ने होटल इंडस्ट्री के लिए अपार संभावनाओं को जन्म दिया है। बड़ी संख्या में होटलों की आवश्यकता का अनुभव किया जा रहा है। होटल इंडस्ट्री को प्रोत्साहित करने के लिए हमें अपने बिल्डिंग बाइलॉज में परिवर्तन करने की आवश्यकता है। आवासीय क्षेत्र में 06 कमरों से 20 कमरों तक के होटल निर्माण के लिए न्यूनतम भूमि और होटल तक पहुंच मार्ग की चौड़ाई की न्यूनतम सीमा में बदलाव किया जाना चाहिए।

डॉ.वी.बी.पाण्डेय 'पवन जी महाराज' ज्ञान विभूषण सम्मान 2024 से सम्मानित

♦भारत टाइम्स♦

लखनऊ। उत्तर प्रदेश, धराधाम इंटरनेशनल एवं एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के तत्वाधान में देश की राजधानी दिल्ली में हुए कार्यक्रम में अथर्व इंडिया अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक सनातन धर्म प्रचारक, सामाजिक कार्यकर्ता व साहित्यकार डॉ.वी.बी पाण्डेय 'पवन महाराज' लखनऊ को अंतर्राष्ट्रीय ज्ञान विभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। रविवार को दिल्ली में हुए कार्यक्रम में शिक्षा पर्यावरण संरक्षण समाज सेवा साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले देशभर के 33 विभूतियों का चयन कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय ज्ञान विभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। अथर्व इंडिया अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ वी.बी पाण्डेय 'पवन जी महाराज' सनातन धर्म, शास्त्रों,परंपराओं की शिक्षा सनातन ज्ञान प्रणाली के माध्यम से देश के अनेक राज्यों में आभासी माध्यम से निशुल्क उपलब्ध करा रहे हैं। महिलाओं के स्वास्थ्य, छात्रों के नैतिक बौद्धिक विकास कार्यक्रम हेतु उनके सामाजिक सेवा के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन धरा धाम इंटरनेशनल के संस्थापक सौहार्द शिरोमणि डॉ सौरभ पांडेय द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति मदरहुड यूनिवर्सिटी रुड़की प्रोफेसर डॉ नरेंद्र शर्मा, अतिथि गुरु लामा गयाछो रिनपोछे, अतिथि डॉ नारायण यादव डायरेक्टर एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड भारत, डॉ बी.म.उवेश, मुख्य अतिथि डॉक्टर पी.के. राजपूत ने पीत पटका पहना कर ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए उनके कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उन्हें इसी तरह आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ वी.बी पाण्डेय जी अपने विभिन्न कार्यों के माध्यम से कई बार राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हो चुके है। वह षड्दर्शन विश्व अखाड़ा परिषद के प्रदेश प्रवक्ता भी हैं, अपने गुरु श्री महंत संतोष दास खाकी के आशीर्वाद का फल बताते हुए धराधाम इंटरनेशनल फाउंडेशन और एशिया बुक का वर्ल्ड रिकॉर्ड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेरे लिए बहुत बड़े गौरव की बात है ।इस तरह के कार्यक्रम समाज में और लोगों को भी आगे बढ़ने के लिए समाज के लिए कुछ कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं।

पुलिस ने डीसीएम गाड़ी से 10लाख 50 हजार का 42किलो गांजा के बंडलों के साथ चालक और खलासी को गिरफ्तार किया

डी सी एम गाड़ी की पूरी बाड़ी में तहखाना बना रखा था

♦भारत टाइम्स♦

रामनगर/वाराणसी। स्थानीय पुलिस और एसओजी की टीम ने सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली अमित कुमार पांडेय के नेतृत्व में सोमवार को टेंगरा मोड़ भीटी बाई पास से एक डीसीएम गाड़ी से 42 किलो गांजा के साथ दो अंतरार्जीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस सम्बन्ध में सहायक पुलिस आयुक्त ने थाना परिसर में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि पूर्वाह्न में मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग गांजा तस्करी कर वाहन से टेंगरा मोड़ भीटी बाई पास की तरफ जाने वाले हैं।इस सूचना के आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा और एस ओ जी प्रभारी मनीष कुमार मिश्र एवं उनकी टीम वाहनों की चेकिंग करने लगे।इसी बीच मिजार्पुर की तरफ से यू पी 60 टी 3936 नम्बर की डी सी एम गाड़ी आते हुए दिखाई दिया ।जब पुलिस कर्मियों ने उस गाड़ी को रोकने के लिए बोला तो वह भागने की कोशिश करने लगा लेकिन पुलिस ने उसे रोक लिया।गाड़ी खाली देखकर ऐसा लगा कि इसमें कुछ भी नहीं है।इस बीच गाड़ी में पीछे की तरफ डबल रैक बनाया गया था जब उसे हटाया गया तो उसके भीतर से दो बोरा गांजा बरामद हुआ ।बोरा खोलकर देखा गया तो उसमें से एक किलो के कुल 42 बंडल गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजे का मूल्य दस लाख से ऊपर बताई जा रही है। पकड़ा गया

चालक और खलासी दोनों बिहार के रहने वाले बताए गए हैं।जिसमे एक बक्सर और दूसरा आरा जिला के हैं।सहायक पुलिस आयुक्त ने बताया कि चालक ध्रुव नाथ सिंह गांजा तस्करी में बार जेल जा चुका है। वर्ष 2019 में दिल्ली में और 2020 में थाना रोहनिया में भी एन डी पी एस एक्ट में यह जेल जा चुका है।इसके ऊपर गैंगेस्टर भी लग चुका है। पकड़े गए चालक और खलासी ने बताया कि वे गांजा को मिजार्पुर से टेंगरा मोड़ के रास्ते बिहार ले जाकर अक्सर बेचते हैं।पुलिस इनके अन्य साथियों के भी नाम और पता इनसे प्राप्त कर रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा, एस ओ जी प्रभारी मनीष मिश्र, कांस्टेबल रविशंकर, सहायक पुलिस आयुक्त के हमराह उमेश कुमार,अशोक कुमार यादव, हेड कांस्टेबल विजय शंकर राय एस ओ जी,ब्रह्मदेव सिंह,का पवन तिवारी,का रमाशंकर,का मयंक त्रिपाठी,का दिनेश कुमार एस ओ जी आदि शामिल रहे।